RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-167 जयपुर, गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रुपये

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में ओमान पहुंचे

# भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता अगले 100 सालों के लिए साझा सोच

अदीस अबाबा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार को ओमान पहुंचे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान पीएम मोदी ओमान के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की उपस्थिति में गुरुवार को दोनों देशों के बीच महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होंगे। मस्कट पहुंचे पीएम मोदी का होटल में भारतवंशियों ने शानदार स्वागत किया।

हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहां प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान पहुंचे हैं। खाड़ी देश की यह उनकी दूसरी यात्रा है और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है।

ओमान पहुंचे पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मस्कट एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए ओमान के उप प्रधानमंत्री (रक्षा मामलों) सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद का बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारी बहुत अच्छी बातचीत भी हुई, जिसमें हमने भारत-ओमान दोस्ती पर अपने विचार साझा किए।

### मोदी के लिए ओमान के डिप्टी पीएम ने डिनर रखा

ओमान के डिप्टी पीएम तारिक अल सईद ने पीएम मोदी के सम्मान में बुधवार रात डिनर का आयोजन किया। डिनर में पीएम के साथ विदेश मंत्री जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी शामिल हुए।

### भारत-ओमान के व्यापारिक रिश्ते लगातार बढ़ें

भारत और ओमान के बीच आर्थिक और कारोबारी रिश्ते लगातार बढ़े हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 8.947 रहा। इससे पहले 2022-23 में यह 12.38 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

भारत ओमान के कच्चे तेल का चौथा सबसे बड़ा खरीदार और गैर-तेल उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा बाजार भी है।

भारत से ओमान को चावल, मशीनरी, जहाज, विमान के पुर्जे, एल्यूमीनियम उत्पाद, खाद्य सामग्री, फल-सब्जियां, मसाले, चाय-कॉफी और मांस जैसे सामान निर्यात होते हैं। वहीं ओमान से भारत को कच्चा तेल, ईंधन, यूरिया, केमिकल्स, प्लास्टिक, सीमेंट और एल्यूमीनियम का निर्यात किया जाता है।

### भारत-ओमान में कल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन होंगे

भारत और ओमान के बीच कल यानी 18 दिसंबर को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर साइन होंगे। इस समझौते को दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि यह करार भारत के लिए कई सेक्टरों में बड़े अवसर लेकर आएगा।

पीयूष गोयल ने बताया कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्यूएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे क्षेत्रों को सीधा फायदा होगा।

साथ ही ओमान के जरिए भारत को खाड़ी सहयोग परिषद (GCC), पूर्वी यूरोप, मध्य एशिया और अफ्रीका के बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

दिल्ली पॉल्यूशन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-

# सरकार लॉन्ग टर्म प्लान बनाए, पुराने वाहनों पर बैन को मंजूरी

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-NCR में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुनवाई की। कोर्ट ने NHAI और MCD को आदेश दिए कि दिल्ली बॉर्डर पर बने 9 टोल प्लाजा थोड़े समय के लिए बंद किए जाएं या किसी दूसरी जगह शिफ्ट किए जाएं।

कोर्ट ने कहा कि इससे ट्रैफिक जाम कम होगा और पॉल्यूशन पर कंट्रोल होगा। कोर्ट ने MCD को एक हफ्ते में अपना फैसला लेने का समय दिया।

सीजेआई सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने कहा कि एयर पॉल्यूशन हर सर्दियों में बार-बार होता है। इसलिए CAQM को अपनी पुरानी पॉलिसी पर फिर से विचार करना चाहिए और एयर पॉल्यूशन से निपटने के लिए मजबूत लॉन्ग टर्म प्लान बनाना चाहिए।

दिल्ली सरकार ने पुराने वाहनों के खिलाफ एक्शन की परमिशन मांगी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने 12 अगस्त के आदेश में बदलाव करते हुए साफ किया है कि अब दिल्ली-एनसीआर में सिर्फ BS-IV और उससे नए वाहनों को ही छूट मिलेगी।

अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, जिनका प्रदूषण स्तर बीएस-IV से नीचे का है।

बेंच ने कहा कि सिर्फ नियम बनाना काफी नहीं है। जरूरी है कि सरकार प्रैक्टिकल और असरदार समाधान अपनाए और मौजूदा उपायों को सही तरीके से लागू किया जाए।


सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि प्रदूषण की पाबंदियों से बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स की मदद की जाए और उन्हें दूसरा काम देने पर भी विचार किया जाए।

कोर्ट ने CAQM और NCR सरकारों से कहा कि वे शहरों में ट्रैफिक, मोबिलिटी और किसानों को पराली जलाने से रोकने जैसे मुद्दों पर ध्यान दें। टुकड़ों में उपाय करने से यह संकट हल नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने नर्सरी से कक्षा 5 तक के स्कूल बंद रखने के दिल्ली सरकार के फैसले में दखल नहीं दिया। कोर्ट ने कहा कि सर्दियों की छुट्टियां नजदीक हैं, इसलिए इसमें बदलाव की जरूरत नहीं है।

# गोवा अग्निकांड- लूथरा ब्रदर्स 5 दिन की पुलिस कस्टडी में

नई दिल्ली/पणजी



गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को नॉर्थ गोवा की एक कोर्ट ने बुधवार को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस आज सुबह दोनों को दिल्ली से गोवा लेकर आई थी। जिला अस्पताल में दो बार हेल्थ चेक-अप के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले दोनों को मंगलवार को थाइलैंड से दिल्ली लाया गया था। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद दोनों की दिल्ली में मेडिकल जांच कराई और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला ने 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं।

क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया। आज सुबह उन्हें बैंकॉक से भारत डिपोर्ट किया गया था।

# शुगर-बीपी समेत 5 दवाइयां जांच में घटिया क्वालिटी की मिली

### सर्जिकल ग्लव्स खराब निकले ड्रग कंट्रोलर ने स्टॉक की बिक्री पर लगाई रोक

जयपुर । कोटा



राजस्थान ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने जांच में 5 दवाइयां लो क्वालिटी की मिलने पर उसे बेचने पर रोक लगा दी है। इन दवाइयों के अलावा एक कंपनी के सर्जिकल ग्लब्स भी घटिया क्वालिटी मिले हैं। सब स्टैंडर्ड मिली दवाइयों में एंटी एलर्जी, शुगर, बीपी के अलावा एंटीबायोटिक दवाइयां शामिल हैं।

ड्रग कंट्रोलर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक मैसर्स वाई.एल. फार्मा लि. (जिला सोनल, हिमाचल प्रदेश) की विनसेट-एल (लेवोसेटिरिज़िन डाइहाइड्रोक्लोराइड) और ऑफविन-200 दवाई जांच में सब स्टैंडर्ड (घटिया क्वालिटी) मिली हैं। ये दवाइयां खासतौर पर एलर्जी और बैक्टीरियल इन्फेक्शन के केस में उपयोग ली जाती है।

आपको बता दें कि इससे पहले भी वाई.एल. फार्मा लि. की कई दवाइयां ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट को सब-स्टैंडर्ड या नकली मिली हैं। इसके खिलाफ अक्टूबर में भी डिपार्टमेंट ने कार्रवाई की थी।

मैसर्स लाइफकेयर न्यूरो प्रोडक्ट लि. (धर्मपुर, हिमाचल प्रदेश) की डल्कोवॉग-0.3एमजी (वोग्लीबॉस) जो शुगर की बीमारी में दी जाती है।

मैसर्स मस्कॉन लाइफ साइंस प्रा. लि. (हरिद्वार, उत्तराखंड) की टेलपिन-ए (टेल्मिसर्टन और एम्लोडिपाइन) जो ब्लड प्रेशर के मरीजों को दी जाती है।

मैसर्स एग्रोन रेमेडिज प्रा.लि. (काशीपुर, उत्तराखंड) की सेफिक्साइम ओरल सस्पेंशन जो बच्चों को सर्दी में फ्लू, इंफेक्शन होने पर दी जाती है।

मैसर्स Swear हेल्थकेयर प्रा.लि. (धौलपुर, राजस्थान) SWear नाम से सर्जिकल ग्लव्स आते हैं, वह भी घटिया क्वालिटी के मिले हैं।


# कोहरे के कारण चौथा टी-20 मैच रद्द

नई दिल्ली

कोहरे के कारण भारत और साउथ अफ्रीका के बीच चौथा टी-20 रद्द कर दिया गया है। मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टॉस भी नहीं हो पाया। अंपायर्स ने 6 बार कंडीशन का मुआयना किया। लेकिन, रात 9:30 बजे तक स्थिति में सुधार नहीं होने पर मैच रद्द कर दिया गया। 5 मैच की सीरीज में टीम इंडिया 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 101 रन से जीता था, इसके बाद साउथ अफ्रीका ने मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे मैच में 51 रन से जीतकर वापसी की। तीसरे मैच में धर्मशाला में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल करते हुए फिर बढ़त बना ली। आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदबाद में खेला जाएगा।

# राहुल गांधी ने म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट देखा कहा- भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही

नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी में कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा।'

राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर आज जर्मनी पहुंचे। ये अलायंस दुनियाभर की 117 प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों का एक प्रमुख समूह है। राहुल ने पहले दिन म्यूनिख स्थित ऑटोमोबाइल कंपनी BMW के मुख्यालय का दौरा किया। यहां उन्होंने विभिन्न कारों और मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी ली।

# चांदी पहली बार 2 लाख प्रति किलो के पार

**जयपुर।** चांदी आज यानी 17 दिसंबर को पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलो के पार निकली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सुबह एक किलो चांदी 2,00,750 रुपए पर ओपन। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट आई और ये 7,664 रुपए बढ़कर 1,99,641 रुपए किलो पर बंद हुई। इससे पहले ये 1,91,977 रुपए पर थी।

18 मार्च को चांदी पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंची थी। यानी चांदी को 1 लाख से 2 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंचने में सिर्फ 9 महीने का समय लगा।

# जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में एसीबी ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जयपुर।** एसीबी मुख्यालय की ओर से गठित एसआईटी ने जीवन मिशन से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गणपति ट्यूबवेल कंपनी मालिक महेश कुमार मित्तल, उसके बेटे हेमंत मित्तल, श्याम ट्यूबवेल के मैनेजर व लायजनिंग अधिकारी उमेश कुमार शर्मा, पीएचईडी के पूर्व लेखाधिकारी गोपाल कुमावत और श्याम ट्यूबवेल के मालिक पदमचंद जैन के बेटे पीयूष जैन शामिल हैं। जिन्हे जयपुर से गिरफ्तार किया गया। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया यह मुकदमा 2023 में दर्ज किया गया था। इसमें श्याम ट्यूबवेल कंपनी, उसके मालिक पदमचंद जैन, गणपति ट्यूबवेल कंपनी और उसके मालिक महेश मित्तल पर पीएचईडी के बहरोड़ अधिशासी अभियंता मायालाल सैनी, नीमराना सहा. अभियंता राकेश चौहान, कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार से सांठगांठ कर जल जीवन मिशन के टेंडर हासिल करने के आरोप लगे थे। इन आरोपियों पर काम में गंभीर अनियमितताएं बरतने, घटिया सामग्री का उपयोग करने और मनमाने ढंग से मेजरमेंट बुक (एमबी) भरकर करोड़ों की अवैध प्राप्ति करने का भी आरोप है।

# रूस पढ़ने गए बीकानेर के युवक की यूक्रेन-युद्ध में मौत

### 3 महीने पहले परिवार से हुई थी आखिरी बार बात

**बीकानेर।** रूस के मास्को में पढ़ाई करने गए बीकानेर के अजय गोदारा की रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो गई। 10 दिसंबर को परिवार को पता चला कि अजय की मौत हो गई। बुधवार को परिवार के लोग दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शव लेकर गांव पहुंचे, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

अरजनसर गांव निवासी अजय गोदारा की 22 सितंबर को परिवार वालों से आखिरी बार बात हुई थी। इस दौरान उसने कहा था कि मुझे जबरन युद्ध के मैदान में उतारा गया है। उसने 2 वीडियो भी परिवार को भेजे थे, जिसमें वो सेना की वर्दी में नजर आ रहा था। उसने कहा था कि मैं युद्ध में जा रहा हूं। अगर अब मेरा कॉल नहीं आए तो समझ लेना मेरी मौत हो गई है।

परिवार के लोगों ने बताया- हमें बेटे का शव बड़ी बेकद्री हालत में मिला है। अजय की मौत कब और कैसे हुई, इसके बारे में हमें नहीं बताया गया है। अजय का शव पूरी तरह से सड़ चुका था। चेहरा दिखाकर उसे दोबारा ढक दिया गया।

सीएम भजनलाल शर्मा ने आहोर में विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया

# जिन्हें विकास नहीं दिख रहा वे आंख टेस्ट कराएं: भजनलाल

आहोर



सीएम भजनलाल शर्मा बुधवार को आहोर पहुंचे। जहां उन्होंने कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान जिसमें सड़क, कॉलेज, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण शामिल है। वहीं सीएम के दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

सीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा- आप विरोध करते हैं, विरोध करना आपका काम है। मगर मैं हर रोज बोल रहा हूं, कि आपके पास आंकड़े हैं तो बताइए कि आपने कितना काम किया है और मैने कितना काम किया है। अगर आपकी दृष्टि में नहीं आ रहा है तो अब राजस्थान के स्कूलों में बच्चों के लिए आंखों के कैंप लगाए जा रहे हैं। जिसमें आंखों की जांच होगी। अगर जरूरत होगी तो चश्मा भी मिलेगा। इसलिए मैं कांग्रेस के लोगों से कहना चाहता हूं कि आपको अगर नहीं दिखाई दे रहा है तो उन शिविरों में कांग्रेस के लोग जाएं, आंखों की जांच कराएं। जरूरत हो तो उनको चश्मा भी उपलब्ध करा देवें। जिससे उन्हें दो साल का विकास तो दिख ही जाएगा। बाकी मैं आपके मन को ठीक नहीं कर सकता लेकिन आंखों की कमी का इलाज तो है।

जनसभा के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने आहोर को कई सौगात दीं। जिसमें उण से भैसवाड़ा, अलावा सी से पावटा, भागली पुरोहितान से आहोर, गुडा बालोतान से थांवला, अगवरी से कुआडा, छिपरवाड़ा से आहोर, चांदना से सियाणा, हरजी से सिरोही सीमा तक 17 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने आहोर और जालोर में कुल 75.38 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 2.85 करोड़ की लागत से 33/11 सब स्टेशन हेमागुढ़ा, पीएम कुसुम योजना-सी के तहत 4 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र, राजकीय कृषि महाविद्यालय केशवना के लिए 8.80 करोड़ रुपए के विकास कार्य और सांचौर में पिछड़े वर्ग की लड़कियों के हॉस्टल के लिए 2.80 करोड़ रुपए की सौगात दी।

इससे पहले 2 बजे सीएम का हेलिकॉप्टर खेल मैदान में बने हेलीपेड पर उतरा। जहां जालोर विधायक और विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक आहोर शंकर सिंह राजपुरोहित, पूर्व विधायक रानीवाड़ा नारायण सिंह देवल, जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी, भीनमाल के पूर्व विधायक पूराराम चौधरी समेत कई कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया।

# जयपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में धक्का-मुक्की, डोटासरा-जूली को हिरासत में लिया

### बैरिकेड से गिरे विधायक, बेहोश हुई महिला नेता

जयपुर



जयपुर में बुधवार को राजस्थान कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हो गई। विधायक मनीष यादव बैरिकेड पर चढ़े तो पुलिस ने उन्हें डंडे से रोका। इस पर उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गिर पड़े। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस नेता बेहोश हो गईं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को अपने कंधों पर उठा लिया।

दरअसल, राजस्थान कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता बीजेपी मुख्यालय की ओर कूच कर रहे थे। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया था। पुलिस ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत कई प्रमुख नेताओं को हिरासत में ले लिया।

कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं, विशेषकर ईडी का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के तहत परेशान कर रही है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा तीनों जनता के सामने आ गया है। बीजेपी वाले भ्रष्टाचार को लेकर आरोप लगाते हैं, लेकिन अगर वह बीजेपी जॉइन कर ले तो उसके सारे पाप माफ हो जाते हैं।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बोले- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से 55-55 घंटे पूछताछ की। उन्हें परेशान किया गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्थिति साफ कर दी।

# कैश कांड केस: जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष बिरला को नोटिस

## -मामले की सुनवाई 7 जनवरी को

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने संसद में उनके खिलाफ शुरू की गई महाभियोग (इम्पीचमेंट) प्रक्रिया को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास से जला हुआ कैश मिलने से जुड़ा है।

जस्टिस वर्मा का कहना है कि उनके मामले में जजेज इन्क्वायरी एक्ट 1968 में तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी को अवैध बताया है। उनका तर्क है कि कानून के अनुसार, जब किसी जज को हटाने का प्रस्ताव दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में लाया जाता है, तब जांच समिति का गठन भी लोकसभा और राज्यसभा द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए, न कि सिर्फ लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा। याचिका में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अकेले समिति बनाना कानून और संविधान दोनों के खिलाफ है। याचिका में कहा गया है कि महाभियोग प्रस्ताव को दोनों सदनों से एक ही दिन में पारित किया





जाना अनिवार्य था, जिसका पालन नहीं किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए लोकसभा और राज्यसभा के सचिवालयों को नोटिस जारी किया है और सात जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की, क्या कानून बनाने वालों को ये भी नहीं पता कि ऐसा नहीं किया जा सकता? यह टिप्पणी कमेटी के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाती है। सुप्रीम कोर्ट अब लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों के जवाब के बाद अगली सुनवाई में यह तय करेगा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ शुरू की गई महाभियोग प्रक्रिया कानून के अनुरूप है या नहीं।

### क्या है मामला?

बता दें, 14 मार्च, 2025 की शाम को जस्टिस वर्मा के घर में लगी आग के कारण दमकलकर्मियों द्वारा कथित तौर पर बेहिसाब नकदी बरामद की गई थी। हालांकि, घटना के वक्त जस्टिस वर्मा और उनकी पत्नी उस समय दिल्ली में नहीं थे और मध्य प्रदेश की यात्रा पर थे। आग लगने के समय घर पर केवल उनकी बेटी और वृद्ध माता ही मौजूद थे। बाद में एक वीडियो सामने आया जिसमें नकदी के बंडल आग में जलते हुए दिखाई दे रहे थे। इस घटना के बाद न्यायमूर्ति वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिन्हें उन्होंने नकारते हुए कहा कि यह उन्हें फंसाने की साजिश प्रतीत होती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना (जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं) ने आरोपों की आंतरिक जांच शुरू की और 22 मार्च को जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया।

# चिदंबरम ने की विधेयकों में बढ़ती हिंदी शब्दों की प्रवृत्ति की कड़ी आलोचना

**-अब अगली सुनवाई में सीबीआई दाखिल करेगी वेरिफिकेशन रिपोर्ट**



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने विधेयकों के शीर्षकों में हिंदी शब्दों के इस्तेमाल की सरकार की ''बढ़ती प्रवृत्ति'' की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों के लिए ''अपमानजनक'' है। उन्होंने कहा कि गैर-हिंदी भाषी लोग ऐसे विधेयक व अधिनियमों को नहीं पहचान सकते जिनके शीर्षक हिंदी शब्दों में अंग्रेजी अक्षरों में लिखे गए हों और वे उनका उच्चारण भी नहीं कर सकते। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोमवार देर रात कहा कि संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों के शीर्षक में सरकार द्वारा हिंदी शब्दों को अंग्रेजी अक्षरों में लिखने के बढ़ते चलन का मैं विरोध करता हूं। चिदंबरम ने कहा कि अब तक यह प्रथा थी कि विधेयक के अंग्रेजी संस्करण में शीर्षक अंग्रेजी शब्दों में और हिंदी संस्करण में हिंदी शब्दों में लिखा जाता था। उन्होंने कहा कि जब 75 साल से इस प्रथा में किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई तो सरकार को बदलाव क्यों करना चाहिए? उन्होंने कहा कि यह बदलाव गैर-हिंदी भाषी लोगों और उन राज्यों का अपमान है जिनकी आधिकारिक हिंदी के अलावा कोई अन्य है। चिदंबरम ने कहा कि सरकारों ने लगातार दोहराया है कि अंग्रेजी एक सहयोगी आधिकारिक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुझे डर है कि यह वादा टूटने की कगार पर है।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर इस नेता ने बताया... कांग्रेस के लिए शुभ संकेत

नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर टिप्पणी कर उनकी नियुक्ति को कांग्रेस के लिए शुभ संकेत बताया है और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने की उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने नितिन नबीन की तुलना नितिन गडकरी से की, जो दिसंबर 2009 में भाजपा के अध्यक्ष बने थे। बघेल ने याद दिलाया कि जब गडकरी भाजपा अध्यक्ष बने थे, तब कांग्रेस की सरकार (यूपीए) बनी थी। उन्होंने कहा कि अब यह दूसरा नितिन आया है, इसलिए यह फिर से संकेत है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। इस टिप्पणी का उद्देश्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगाना और भाजपा के आंतरिक घटनाक्रम को अपने पक्ष में राजनीतिक रूप से भुनाना मालूम होता है। बात दें कि गडकरी दिसंबर 2009 में भाजपा के अध्यक्ष बने थे, और उसके कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए ने जीत हासिल की थी। हालांकि, वह 2009 में भी यूपीए की ही सरकार थी (जो 2004 में बनी थी), और 2014 के बाद से कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ा है।

## नागपुर में रक्षा उत्पादों के निर्माण से जुड़ी कंपनी की हवाई पट्टी पर दिखा अज्ञात ड्रोन

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर में रक्षा उत्पादों के निर्माण से जुड़ी सोलर इंडस्ट्रीस कंपनी की हवाई पट्टी के ऊपर एक अज्ञात ड्रोन दिखने से हड़कंप मच गया है। नागपुर-अमरावती रोड पर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की हवाई पट्टी (नागपुर से करीब 40 किमी दूर) है। कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज रक्षा संबंधी उत्पादों जैसे सशस्त्र ड्रोन, सैन्य विस्फोटक, रॉकेट एकीकरण प्रणाली, लाइटरिंग मुनिशन्स, ड्रोन रोधी मिसाइलें, बम और युद्धक सामग्री का निर्माण करती है। घटना 9 दिसंबर को शाम करीब 7:15 बजे हुई। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने हवाई पट्टी के ऊपर आसमान में एक टिमटिमाती रोशनी देखी। अंधेरे के कारण ड्रोन के आकार का अंदाजा नहीं लग सका। इसके बाद कार्रवाई करते हुए कोंधली पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. हर्ष पोद्दार ने जांच जारी होने की पुष्टि की। पुलिस ने आस-पास के गांवों (मलकापुर, शिवा, सवांगा) में तलाशी अभियान चलाया, यह पता लगाने के लिए कि कहीं ड्रोन किसी निजी समारोह से भटककर तो नहीं आ गया था। दो दिनों तक पुलिस टीम गांवों में तैनात रहीं, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। खुफिया ब्यूरो की एक टीम भी घटना की जांच कर रही है। इस घटना को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि सोलर इंडस्ट्रीज संवेदनशील सैन्य उपकरणों का निर्माण करती है।

## दिल्ली में पीयूसी के बिना नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, सिर्फ बीएस-6 गाड़ियों को एंट्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच सरकार ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सख्त फैसले लिए हैं। मंगलवार को दिल्ली में एक बार फिर जहरीले स्मॉग की मोटी परत छाई रही, जिसके बाद पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर से दिल्ली में बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को पेट्रोल या डीजल नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली में केवल बीएस-6 मानक वाली गाड़ियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। बीएस-4 और उससे पुराने वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यह फैसला बढ़ते प्रदूषण स्तर और स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को देखते हुए लिया गया है। पर्यावरण मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है, कि राजधानी में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। कंस्ट्रक्शन मटीरियल ले जाने वाले वाहनों पर भी सख्ती बरती जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हालात की गंभीरता को समझते हुए कोई ढिलाई नहीं बरतेगी। मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्लीवासियों से प्रदूषण की स्थिति को लेकर माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार हर दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार के लिए काम कर रही है और पिछली सरकार से विरासत में मिली प्रदूषण की समस्या को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का अधिक इस्तेमाल करें।

## एलडीएफ नेता रामजीत पर हमला, बीजेपी के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार

अलप्पुझा (एजेंसी)। केरल के तटीय जिले अलप्पुझा में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के नेता पर हमला करने के आरोप में बीजेपी के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना रविवार रात हुई थी, जब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के स्थानीय नेता रामजीत और उनके दोस्त रेनिथ, नीलमपेरूर पंचायत गए थे, जहां हाल ही में हुए निकाय चुनावों में बीजेपी ने जीत हासिल की है। पुलिस ने बताया कि रामजीत और उसके दोस्त रेनिथ की शिकायत के मुताबिक छह बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका, उनके लिए अभद्र का इस्तेमाल किया, रामजीत की पिटाई की और फिर उसके सिर पर लाठी से वार किया। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि हमला इसलिए किया गया क्योंकि वे पंचायत क्षेत्र में गए थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रामजीत का कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में उपचार हो रहा है।

## हीटर से आग लगने के कारण नानी और नाती की मौत

रांची (एजेंसी)। झारखंड के धनबाद के सरायढेला अंतर्गत विकास नगर में एक घर में देर रात हीटर से आग लगने के कारण नानी और उनके 18 वर्षीय नाती की मौत हो गई। घटना विकास नगर, सरायढेला थाना क्षेत्र, धनबाद में सोमवार-मंगलवार की देर रात को हुई। मृतक में 62 वर्षीय चिंता मणि देवी (नानी) और 18 वर्षीय गोलू (नाती) शामिल है। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। ठंड से बचाव के लिए जलाए गए हीटर पर कंबल गिर गया, जिससे आग भड़की और पूरे कमरे में धुआं व आग फैल गई। घटना में चिंता मणि देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें बचाने के प्रयास में नाती गोलू भी गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी भी मौत हो गई। मोहल्ला संकरा होने के कारण बड़ी दमकल गाड़ी अंदर प्रवेश नहीं कर सकी। छोटी गाड़ी मंगाई गई। घर का निचला हिस्सा अंदर से बंद होने के कारण भी कर्मियों को भीतर जाने में परेशानी हुई।

## विकसित भारत-जी राम जी योजना का विरोध कर थरुर ने कहा... राम का नाम बदनाम ना करो



**-लंबे समय बाद शशि थरुर ने कांग्रेस के सुर में मिलाया सुर**

**नई दिली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को मनरेगा का नाम बदलने सहित कई प्रावधानों में फेरबदल वाले विधेयक को पेश किया गया है। नए विधेयक में मनरेगा को अब विकसित भारत-जी राम जी योजना नाम देने की तैयारी हो रही है। इस विधेयक को लेकर संसद में दिलचस्प बहस देखने को मिली है। कांग्रेस की ओर से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने तीखा विरोध किया। वहीं उनके बाद बोलने खड़े हुए शशि थरूर ने भी लंबे समय बाद कांग्रेस के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि मैं मनरेगा स्कीम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलने के खिलाफ हूं। कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि मैं जी राम जी विधेयक का विरोध करता हूं। मेरी पहली शिकायत यह है कि इसका नाम बदला जा रहा है, जो पहले महात्मा गांधी के ऊपर था। महात्मा गांधी का राम राज्य का विजन राजनीतिक आयोजन नहीं था बल्कि सामाजिक सुधार था। वह चाहते थे कि हर गांव सशक्त हो और राम राज्य जैसी स्थिति बने। मेरे बचपन में गाते देखा कि देखो ओ दिवानों ये काम ना करो, राम का नाम बदनाम ना करो।


थरुर ने कहा कि इसके अलावा 40 फीसदी बजट सीधे राज्य सरकार के हिस्से में डालना गलत है। इससे उन राज्यों के लिए संकट की स्थिति पैदा होगी, जिनके पास राजस्व का संग्रह कम है। इसतरह के राज्य जो पहले ही किसी तरह की मदद पर निर्भर हैं, आखिर वे कैसे इस स्कीम के लिए फंडिंग कर पाएंगे। कांग्रेस सांसद का पार्टी के स्टैंड से मिलता हुआ यह रुख लंबे समय बाद देखने को मिला है। वह कई बार पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस की लगातार तीन मीटिंगों से गैरहाजिर रहे हैं।

# महाराष्ट्र में बीजेपी के बड़े नेता फडणवीस हैं, वह जो कहेंगे वह फाइनल होगा: पवार

## -पुणे और पिंपरी चिंचवड़ निकाय चुनाव में बीजेपी-एनसीपी में होगा फ्रेंडली मुकाबला

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निकाय चुनाव में बीजेपी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में मुताबला होने जा रहा है। सीएम देवेंद्र फडणवीस के ऐलान के बाद अब डिप्टी सीएम अजित पवार भी इसपर सहमति जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने जो कहा वो फाइनल है। महाराष्ट्र में मुंबई समेत 29 नगर निकायों के लिए मतदान 15 जनवरी को होगा और मतों की गिनती 16 जनवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने सोमवार को इसके शेड्यूल की जानकारी दी है। अजित पवार ने कहा कि अगर सीएम ने ऐसा कहा है, तो ध्यान से सोच समझकर कहा होगा। महाराष्ट्र में बीजेपी के सबसे बड़े नेता देवेंद्र फडणवीस हैं। वह जो भी कहेंगे, वो फाइनल होगा।

बता दें फडणवीस ने कहा था कि बीजेपी और शिवसेना आगामी नगर निकाय चुनावों में



अधिकतर स्थानों पर एक साथ चुनाव लड़ेंगे और राकांपा समेत 'महायुति' के सहयोगी दलों के साथ अधिकतर स्थानों पर सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड नगर निगमों में बीजेपी और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकंपा के बीच फ्रेंडली मुकाबला होगा। फडणवीस ने कहा कि 'महायुति' के सहयोगी दलों के बीच गठबंधन होगा, लेकिन अधिकतर शहरों में समझौता बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच होगा।

उन्होंने कहा कि पुणे में गठबंधन की संभावना नहीं है, जहां बीजेपी और अजित पवार नीत राकांपा प्रमुख दल हैं। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के मुताबिक इन नगर निकायों में कुल 2,869 सीट के लिए मतदान होगा, जिनमें बीएमसी की 227 सीट भी शामिल हैं। बीएमसी 2025-26 में 74,000 करोड़ रुपए से अधिक के बजट के साथ एशिया का सबसे बड़ा नगर निकाय है।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र में फैले 29 नगर निकायों में 15 जनवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती 16 जनवरी को होगी। उन्होंने कहा कि मतदान सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा और जो लोग शाम 5:30 बजे तक कतार में खड़े होंगे, उन्हें एक पर्ची दी जाएगी और उन्हें तय समयसीमा के बाद भी मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने सितंबर में एसईसी को 31 जनवरी तक नगर निकायों सहित स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण कंट्रोल के बाहर... होटलों, रेस्टोरेंट और खुली खाने की जगहों पर तंदूर पर बैन

नई दिल्ली (एजेंसी)। तंदूर, दिल्ली में प्रदूषण से लड़ने की लड़ाई में नया निशाना बन गया है। दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) ने शहर के सभी होटलों, रेस्टोरेंट और खुली खाने की जगहों पर कोयले और लकड़ी का इस्तेमाल करने वाले तंदूर पर बैन लगाने के आदेश दिए हैं। रेस्टोरेंट और खाने की जगहों पर इस्तेमाल होने वाले तंदूर पर बैन पिछले हफ़्ते लगाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश एयर (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ़ पॉल्यूशन) एक्ट, 1981 की धारा 31(ए) के तहत जारी किया गया था। सभी रेस्टोरेंट और खाने की जगहों को तुरंत इलेक्ट्रिक, गैस-आधारित या दूसरे साफ ईंधन वाले उपकरणों पर स्विच करना होगा। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी खराब होने के कारण, पिछले हफ़्ते शनिवार को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज 4 लागू किया गया था।

# 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, अंतिम तिथि 11 जनवरी 2026

**-कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ परीक्षा के स्ट्रेस, करियर के कई पहलुओं पर संवाद करते हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रमों में शामिल 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। यह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे सीधे पीएम के साथ परीक्षा के स्ट्रेस, करियर और जीवन के कई पहलुओं पर संवाद कर सकते हैं। यह कार्यक्रम हर साल छात्रों में परीक्षा के डर को कम करने और उन्हें 'एग्जाम वॉरियर्स' बनने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयन की प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता आधारित होती है। इसमें ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए चयन किया जाता है, जो मॉयजीओवी पोर्टल पर आयोजित की जाती है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र, साथ ही शिक्षक और अभिभावक इस बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता पीएम मोदी से डायरेक्ट बातचीत का मौका देती है। परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को एनसीईआरटी की तरफ से एक खास प्रमाण पत्र भी मिलता है, जो उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। 'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के 9वें संस्करण के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 1 दिसंबर, 2025 को शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र, शिक्षक और अभिभावक मॉयजीओवी पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 जनवरी, 2026 है। अब तक करीब 18,78,098 उम्मीदवार इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इनमें 17 लाख से ज्यारा छात्र शामिल हैं। पीपीसी 2026 में पीएम मोदी के साथ लाइव प्रोग्राम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का चयन किसी आवेदन या सिफारिश के आधार पर नहीं, बल्कि एक ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए किया जाता है। चयनित प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से सीधे उनके मन में चल रहे सवाल पूछने का अनमोल अवसर मिलता है। यह छात्रों को अपनी दुविधाएं दूर करने और पीएम से प्रेरणा लेने का एक सीधा माध्यम प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को कई फायदे मिलते हैं। पीपीसी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को एनसीईआरटी से आधिकारिक प्रमाण पत्र मिलता है। शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों को पीएम मोदी के साथ लाइव 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलता है। पिछले संस्करणों में कुछ विजेताओं को पीएम मोदी की लिखी गई 'एग्जाम वॉरियर्स' पुस्तक और एक विशेष 'किट' भी दी गई थी।

## उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी के वोट चोरी के आरोपों और अभियान से खुद को अलग किया

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी के वोट चोरी के आरोपों और अभियान से इंडिया गठबंधन को अलग किया है। उन्होंने कहा कि इस वोट चोरी मुद्दे से इंडिया गठबंधन का कोई लेना-देना नहीं है। हर राजनीतिक दल अपना एजेंडा तय करने के लिए स्वतंत्र है। कांग्रेस ने वोट चोरी को अपना मुख्य मुद्दा बनाया है, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस (उनकी पार्टी) अपने मुद्दे खुद चुनेगी। वहां कांग्रेस के चुने मुददों पर राजनीति नहीं करेगी।

वहीं भाजपा नेता शशांक मणि ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि उमर समझ रहे हैं कि विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का उद्देश्य किसी को निशाना बनाना नहीं, बल्कि वास्तविक मतदाता सूची को अपडेट करना और चुनावी सुधार करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह लोग इंडिया गठबंधन से अलग



होते रहने वाले है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों इंडिया गठबंधन के कई और दल भी इस वोट चोरी के मुददे से अलग हो जाएगी। वहीं कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का आयोजन कर अपने अभियान को तेज़ किया है। उन्होंने रैली में मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023 में बदलाव करने और कांग्रेस के सत्ता में आने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर संधू और विवेक जोशी के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया। बात दें कि चुनावी अनियमितताओं के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के भीतर मतभेद सामने आए हैं, जहाँ उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस के आक्रामक रुख से दूरी बना ली है, जबकि भाजपा इसे चुनावी सुधार का मामला बता रही है।

# भारत ने फिर कर दिया नोटम का ऐलान... के4 सबमरीन लांच बैलस्टिक मिसाइल का हो सकता है टेस्ट

**-नोटम जारी होते ही पाकिस्तान की सांस गले में अटकी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत रक्षा के क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक धमाका कर रहा है, इन धमाकों से भारत के दुश्मन देश घबराए हुए हैं। अब भारत ने एक और तगड़ा ऐलान किया है। जिसके बाद दुश्मनों के गुट में चर्चा तेज हो गई है कि भारत किसी बड़ी तैयारी में है। पाकिस्तान के सारे टीवी चैनल्स पर इसी बात की बहस चल रही है कि कुछ घंटों बाद भारत क्या करने वाला है। पाकिस्तान ही नहीं बल्कि चीन और अमेरिका भी जानने के लिए बेचैन दिखाई दे रहे हैं कि आखिर भारत का प्लान क्या है। भारत ने नोटिस टू एयरमैन यानी कि नोटम जारी किया है। यह डेंजर ज़ोन एडवाइज़री डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड से बंगाल की खाड़ी के एक बड़े हिस्से को कवर करती है।

यह नो फ्लाई जोन करीब 2520 किमी तक फैला हुआ है। जो हवाई जहाजों और समुद्री यातायात के लिए अस्थायी प्रतिबंध लगाता है। यह नोटम 17 से 20 दिसंबर के बीच लागू रहेगा। कहा जा रहा है कि भारत एक बड़ी मिसाइल टेस्ट करने वाला है। पिछले परीक्षणों की तरह यह जोन पहले से ज्यादा बड़ा है जो मिसाइल की उन्नत रेंज और सटीकता का संकेत देता है। भारत ने इससे पहले 6 से 8 दिसंबर के बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर 14,000 कि.मी. के इलाके में नो फ्लाई जोन नोटिस जारी किया था। यह नोटम भी मिसाइल टेस्ट के लिए जारी किया गया था। हाल ही में नौसेना ने युद्धपोत से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

मिसाइल की बेजोड़ सटीकता, स्पीड और तबाही मचाने की ताकत देखने को मिली थी। यह मिसाइल दुश्मन के ठिकानों में तबाही मचाने के लिए काफी है। यह 300 से 800 किमी तक की दूरी पर बैठे दुश्मन को तबाह कर सकती है। इस सफल परीक्षण के बाद से ही भारत के दुश्मन खौफ में थे कि अब भारत ने एक और धमाका करने की तैयारी कर ली है। बताया जा रहा हैं कि के4 सबमरीन लॉन्च्ड बैलस्टिक मिसाइल का परीक्षण हो सकता है जो परमाणु सक्षम है और 3500 किमी तक वार कर सकती है। यह चीन नौसेना के खिलाफ एक मजबूत हथियार के रूप में है। यह मिसाइल ठोस ईंधन से चलती है। सबमरीन से लांच होने पर 20 से 30 मीटर गहराई से फायर की जा सकती है।

यह अग्नि मिसाइल सीरीज पर आधारित है। इसका वजन 17 टन, लंबाई 12 मीटर और यह एमआईआर भी तकनीक से लैस हो सकती है। यानी एक मिसाइल से कई लक्ष्य हिट कर सकती है। परमाणु हथियार ले जाने की ताकत इसके पास है। यह आईएएस, अरिहंत जैसी सबमरीन से लांच होती है। इस परीक्षण के बाद भारत अगले साल के5 मिसाइल का परीक्षण कर सकता है।



# मांडल थाने के बाहर युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, पत्नी ने लगा रखा था दहेज प्रताड़ना का केस

## युवक बोला अब मरना ही आखिरी रास्ता है

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के मांडल थाने के बाहर बुधवार शाम युवक द्वारा विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को तुरंत मांडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं परिजनों ने इस मामले को लेकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मांडल थाना क्षेत्र के थम्बोला निवासी महादेव जाट पिता प्रथ्वी राज जाट पर उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का मामला थाने में दर्ज करवा रखा था। इसी मामले को लेकर पुलिस द्वारा उसे बार-बार पूछताछ के लिए थाने बुलाया जा रहा था। इससे परेशान होकर महादेव जाट आज थाने के बाहर पहुंचा और वहां विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई । महादेव जाट की बहन राजी जाट ने बताया कि उनका और उनके भाई का विवाह गणेशपुरा में हुआ था। इसके बाद उनके भाई ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया और कुछ समय बाद उनके पति ने भी उन्हें छोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई पर उसकी पहली पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का मुकदमा मांडल थाने में दर्ज करवा रखा था। इसी मामले को लेकर थाने में तैनात सतपाल सिंह आए दिन उसे धमकियां दे रहा था। राजी जाट ने कहा कि लगातार दबाव और परेशानियों के चलते उनका भाई मानसिक रूप से टूट गया और थाने के बाहर जाकर बनियों में डालने वाली विषाक्त दवा पी ली, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

# बिलेठा में नियमों को कुचलता क्रेशर प्लांट: गांव का रास्ता बंद, स्कूल भूमि पर कब्ज़े से ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** ग्राम पंचायत बिलेठा में संचालित क्रेशर प्लांट को लेकर आज ग्रामीणों ने नियमों के खुले उल्लंघन का आरोप लगाते हुए काम पूरी तरह रुकवा दिया। प्लांट के तीनों ओर आबादी भूमि होने के बावजूद संचालन किया जा रहा है, वहीं गांव में आने-जाने का मुख्य रास्ता भी बंद कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों की नाराजगी चरम पर पहुंच गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल की खातेदारी भूमि पर अवैध रूप से तारबंदी कर दी गई है और बिजली के पोल भी खड़े कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं, क्रेशर से जुड़ा धर्म कांटा (वेट ब्रिज) सरकारी भूमि पर, लीज क्षेत्र से बाहर बनाया जा रहा है। इन तमाम घटनाओं के बाद आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और मौके पर चल रहे सभी कार्य रुकवा दिए। सूचना पर जहाजपुर तहसीलदार रवि कुमार मीणा एवं पटवारी मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

तहसीलदार रवि कुमार मीणा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर खान व क्रेशर प्लांट के मालिक को पाबंद किया गया है। मामले की जांच के लिए राजस्व टीम गठित कर दी गई है और दो दिनों के भीतर पूरे प्रकरण का निस्तारण किया जाएगा। तब तक किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर, ग्रामीणों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि नियमों के विरुद्ध चल रहे इस क्रेशर प्लांट पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण से बीएलओ और सुपरवाइजर को मुक्त करने की मांग



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा भीलवाड़ा द्वारा जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र बड़वा की अध्यक्षता में एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सोपा गया जिसमें संगठन की तरफ से प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन के दिन दिनांक 19 व 20 दिसंबर को आयोजित किया जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से बीएलओ व सुपरवाइजर को मुक्त रखने का आह्वान किया गया। जिला मंत्री ईश्वर सिंह चौधरी ने बताया की प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन दिनांक 19 व 20 दिसंबर 2025 को डांगपाड़ा बांसवाड़ा में आयोजित होने जा रहा है इसमें प्रदेश सहित भीलवाड़ा के लगभग छह सो शिक्षक भाग लेने जा रहे हैं । निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम भीलवाड़ा द्वारा एक आदेश निकाला गया जिसमें सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को दिनांक 17 दिसंबर 2025 से 20 दिसंबर 2025 तक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगाया गया है जबकि निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा पहले ही इन दिनों में प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन आयोजित किए जाने का आदेश निकाल रखा है । संगठन ने मांग करते हुए उक्त विषय में बीएलओ व सुपरवाइजर को राहत दिलवाए जाने के लिए ज्ञापन सौपा । ज्ञापन में सुवाणा उपशाखा अध्यक्ष विनोद कुमार झंवर, शहर अध्यक्ष बसंत लाल पोरवाल, अनिल आसोपा,जिला कोषाध्यक्ष बनवारी लाल, प्रदीप मेहता, काबरा, राजेश सोमानी, देवराज जाट, हरीश सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# बड़लियास में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में समस्याओं का त्वरित निस्तारण, वर्षा बाद बालूलाल की खातेदारी जाति महाजन से पाराशर हुई

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** क्षेत्र के बड़लियास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम पंचायत आमां, सुठेपा, गेंदलिया एवं बड़लियास के ग्रामीणों एवं लाभार्थियों के लिए ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे ग्रामीणों में संतोष एवं उत्साह देखने को मिला । शिविर प्रभारी रामबिलास मीणा ने बताया कि शिविर में भामाशाहों द्वारा 175 किलो शक्कर दान की घोषणा की गई । इसमें प्रकाश चंद्र रैगर एवं गोपाल कृष्ण पोखरना द्वारा 51-51 किलो शक्कर तथा दिलीप सिंह द्वारा 25 किलो शक्कर दान दी गई । शिविर में ही 11 किलो शक्कर एवं 5 किलो गुड़ का वितरण भी किया गया । शिविर की एक विशेष पहल के तहत 7 महिलाओं द्वारा प्लास्टिक निःशुल्क देने की घोषणा की गई, जिसे एक नवाचार के रूप में सराहा गया । इसके साथ ही 21 बालिकाओं को पेन, पेंसिल एवं पुस्तिकाओं का वितरण कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया । शिविर में बालू लाल पिता सीताराम पाराशर निवासी बड़लियास ने शुद्धीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें बताया कि वर्षो से उनकी खातेदारी में जाति पाराशर के बजाय महाजन दर्ज है, इससे उसे हर जगह परेशानी का सामना करना पड़ता है, आज शिविर में आवेदन के बाद राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया और जाति शुद्धिकरण के लिए कई दिनों के प्रयासरत से इस समस्या के निवारण हेतु पटवारी बलिया व भू.अ.नि. द्वारा शुद्धी पत्र प्रस्ताव की कार्य कर बालू लाल की खातेदारी जाती महाजन से पाराशर की गई । विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी । शिविर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी ने ब्लॉक कोटड़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने की शपथ ली तथा 26 जनवरी 2026 तक प्लास्टिक मुक्त कोटड़ी बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया । राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई, जिस पर ग्रामीणों एवं लाभार्थियों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की । शिविर के दौरान मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के करीब 100 आवेदन पत्र भरवाए गए, वहीं सरकारी इंश्योरेंस योजनाओं के फॉर्म भी भरकर लाभार्थियों को लाभ से जोड़ा गया। शिविर का समापन सकारात्मक वातावरण एवं जनकल्याणकारी संकल्पों के साथ हुआ।

**स्मार्ट हलचल पर खबर प्रसारित होने के बाद हरकत**

# राजगढ़ कटारिया खेड़ा चैनपुरा खस्ताहाल सड़क पर भरवाए रोड के गड्ढे



स्मार्ट हलचल| काछोला

राजगढ़ से चैनपुरा-कटारिया खेड़ा जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर विभागीय स्तर पर लगातार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर आखिरकार भामाशाह आगे आए भामाशाह खनन व्यवसायी बृजेंद्र कुमार गोयल के सहयोग से ग्रामीणों ने सड़क पर पड़े गहरे खड्डों में ग्रेवल डलवाकर अस्थायी सुधार कराया उल्लेखनीय है ' स्मार्ट हलचल' में राजगढ़ से कटारिया खेड़ा धनवाड़ा चौराहा तक सड़क की खस्ताहाल स्थिति को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी इस मार्ग की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई ग्रामीण रतनलाल गुर्जर व सांवर गुर्जर ने बताया कि सड़क पर बने गहरे खड्डों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं इसी को देखते हुए ग्रामीणों ने खनन व्यवसायी बृजेंद्र कुमार गोयल के सहयोग से खड्डों को भरवाने का निर्णय लिया, ताकि राहगीरों को कुछ राहत मिल सके ग्रामीण भंवर सिंह उमेदपुरा ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग का शीघ्र स्थायी समाधान करते हुए पक्की मरम्मत करवाई जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं से बचा जा सके और आमजन को सुरक्षित आवागमन मिल सके इस दौरान रतन गुर्जर कटारिया खेड़ा भंवर सिंह उमेदपुरा सांवर गुर्जर पदमपुरा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# संस्कृति संगम सांस्कृतिक साहित्यिक सप्ताह कार्यक्रम का समापन

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा



शाहपुरा के महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या महाविद्यालय में चल रहे संस्कृति संगम सांस्कृतिक साहित्यिक सप्ताह का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ कार्यक्रम संयोजक पूर्णा पारीक के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनिवास धाम व्यवस्थापक रामबक्ष दाखेड़ा, सचिना कला संस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक, वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर सुथार, डॉ दीपिका शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद विभाग, बालकृष्ण जोशी, बंशीलाल छीपा विशिष्ट अतिथि राजस्थान पत्रिका संवाददाता महावीर मीणा, लोकजीवन संवाददाता चांदमल मुंदड़ा , रामप्रकाश काबरा एवं अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश कुमावत ने की। सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम प्रभारी सरिता छीपा ने 11 दिसंबर से चल रही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मेहंदी, रंगोली, विचित्र वेशभूषा, मांडना, चम्मच रेस, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, एकल युगल सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। खेल प्रभारी लेखराज पाराशर के अनुसार खेल के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, उल्टी दौड़, गोला फेंक, कबडडी एवं खो-खो प्रतियोगिताएं हुई। महाविद्यालय प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं को सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों में समान रूप से बढ़ चढकर भाग लेना चाहिए महाविद्यालय प्राचार्य ने अतिथियों को प्रतीक देकर धन्यवाद दिया। साथ ही कार्यक्रम प्रभारी अमित शर्मा, राजेश कुमावत, बृजेश शर्मा, अनुराग शर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, अभिषेक बसेर, रेहाना परवीन छीपा, मीना शर्मा, को भी कार्यक्रम को सही तरीके से संपन्न करवाने पर आभार प्रकट किया।

# कहार समाज ने सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण रुकवाने के लिए ज्ञापन सौंपा




स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

कोटडी-बेगू रोड स्थित खटीक समाज के श्मशान के पास शाहपुरा भीलवाडा में राजस्व रिकॉर्ड में भराई उदयभान गेट दरवाजा के नाम से दर्ज जमीन पर नगर पालिका शाहपुरा की सह पर कहार समाज द्वारा अतिक्रमण करवाया जा रहा है।कहार समाज द्वारा यह कहा जा रहा है कि उक्त जमीन हमे नगर पालिका में छात्रावास निर्माण हेतु दी है।कहार समाज ने वर्तमान में उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर नीव भराई का काम चालू कर दिया है।यह जमीन सर्वसमाज की पो (पानी) भराई उदयभान गेट शाहपुरा को स्टेट लाईन से ही आवंटित की गई है जो बादस्तूर जारी है।जबकि यह जमीन नगर पालिका की नही है।

अतः अवैध अतिक्रमण को रुकवाकर कहार समाज के चल रहे निर्माण को तुरन्त प्रभाव से रुकवाया जाए अन्यथा सभी समाजो द्वारा इस हेतु उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस ज्ञापन में खटीक समाज, वाल्मिकी समाज, जीनगर समाज, कोली समाज व अम्बेडकर विचार मंच संस्थान की और से ज्ञापन दिया गया।

# ठेका कर्मी की 11 हजार केवी की चपेट में आने से मौत




**बेगूं।** उपखंड क्षेत्र के गुणता में 11 हजार केवी लाइन पर शटडाउन के बाद कार्य करते समय करंट की चपेट में आ जाने से एक ठेका कर्मी की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को गुणता में 11 हजार केवी लाइन पर शटडाउन के बाद कार्य करते समय करंट की चपेट में आ जाने से मेघपुरा निवासी 38 वर्षीय श्यामलाल धाकड़ गंभीर रूप से झुलस कर अचेत हो गया, जिसे सहकर्मियों ने उप जिला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। परिजनों के आने के बाद लाइनमैन की लापरवाही से ठेकाकर्मी की मौत होना बताते हुए परिजनों द्वारा मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर शव को उप जिला स्वास्थ्य केंद्र में ही रखा गया एवं उचित मुआवजा नहीं मिल जाने तक शव को स्वास्थ्य केंद्र में ही रखने की चेतावनी एवं लापरवाही करने वाले लाइनमैन के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसे सस्पेंड करने की मांग की गई। जानकारी मिलने पर उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया, पुलिस उपाधीक्षक अंजली सिंह, तहसीलदार गोपाल जीनगर, बेगूं थाना अधिकारी धर्मराज मीणा, पारसोली थाना अधिकारी शिवराज राव एवं बस्सी पुलिस थाने का जाप्ता मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा परिजनों से समझाइश ठेकेदार द्वारा 21 लख रुपए की मुआवजा राशि दिलवाने पर सहमति करवाई गई। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया।

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य शंभूलाल धाकड़, मेघपुरा के सरपंच औंकार लाल धाकड़, पूर्व सरपंच भंवर लाल धाकड़, देवकिशन सेन, अजमेर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गिरिराज प्रसाद मेहर भी मौके पर मौजूद रहे।

# मेवाड़ की गंगा का सीना छलनी

**बनास नदी में धड़ल्ले से चल रहा अवैध बजरी खनन**



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास थाना क्षेत्र से होकर बहने वाली मेवाड़ की गंगा बनास नदी में अवैध बजरी खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है, बजरी माफिया दिन-रात बनास नदी का सीना छलनी करने में जुटे हुए हैं । बड़लियास थाना क्षेत्र में लगातार अवैध बजरी खनन की गतिविधियां सामने आ रही हैं, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं । जानकारी के अनुसार जीवा खेड़ा, दोवनी, खरेड़, रेण, गेंदलिया, क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है भारी वाहनों के जरिए बजरी का परिवहन खुलेआम हो रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि नदी के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद अवैध बजरी खनन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, जिसके चलते बड़लियास थाना क्षेत्र में यह धंधा तेजी से फल-फूल रहा है।

# खेल से संस्कार, अनुशासन और नेतृत्व गढ़ते हैं युवा - विधायक बैरवा

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा






महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के तत्वावधान में श्री प्रतापसिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय 38 वीं फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में अपने प्रेरक और ओजस्वी भाषण में विधायक डॉ. बैरवा ने युवाओं को खेल का मर्म समझाते हुए कहा कि 'खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाते हैं। खेल से नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, नैतिक मूल्य और मजबूत व्यक्तित्व का निर्माण होता है।' उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में खेलों से जुड़ें और स्वस्थ, अनुशासित तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। विधायक का भाषण तालियों की गड़गड़ाहट के बीच युवाओं में नई ऊर्जा भरता नजर आया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. पुष्करराज मीणा ने कहा कि खेलों से युवाओं का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, जिससे उनकी जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती है। टीम भावना के साथ खेलना एक जिम्मेदार और सुव्यवस्थित नागरिक तैयार करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. शंकर लाल माली ने खिलाड़ियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण, कठोर परिश्रम, लगन और रचनात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. करण सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

समारोह में भाजपा जिला मंत्री राजेन्द्र बोहरा, नगर अध्यक्ष पंकज सुगन्धी, कैलाश धाकड़, आशाराम धाकड़ सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, विश्वविद्यालय ऑब्जर्वर, विभिन्न राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के टीम मैनेजर व संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मूलचन्द खटीक ने किया तथा प्रो. रामावतार मीना ने आभार व्यक्त किया।

आयोजन सचिव डॉ. दलवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में बांगड़ कॉलेज डीडवाना के अनुपस्थित रहने से राजकीय महाविद्यालय फूलियाकलां को वॉकओवर मिला। दूसरे मैच में माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा ने आर.आई.ई. कॉलेज अजमेर को 2-1 से पराजित किया। तीसरे मैच में आर्यन कॉलेज अजमेर ने राजकीय महाविद्यालय खजवाना (नागौर) को 9-0 से हराया। चौथे मुकाबले में डी.ए.वी. कॉलेज अजमेर ने मेजबान शाहपुरा कॉलेज को मात दी, जबकि पांचवें मैच में राजकीय महाविद्यालय ब्यावर ने फूलियाकलां को 3-0 से पराजित किया। खेल के दौरान प्रो. नीरज शर्मा की धाराप्रवाह और आकर्षक कमेंट्री ने दर्शकों का उत्साह दोगुना कर दिया। पूरे आयोजन में खेल, अनुशासन और जोश का अद्भुत संगम नजर आया–यही है शाहपुरा की खेल चेतना।

# घर में सो रही मासूम बच्ची के साथ दो युवकों ने की अश्लील हरकत

**ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया**

स्मार्ट हलचल



**मांडल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही नाबालिग मासूम बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के दौरान बच्ची रोती हुई घर से बाहर आ गई, जिससे परिजनों को वारदात का पता चला। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को पकड़कर मांडल थाने पहुंचाया। पुलिस के अनुसार पीड़ित बालिका के पिता द्वारा दी रिपोर्ट में बताया कि मेरी नाबालिक बेटी घर पर अकेली थी, तभी वहां 2 युवक आए मेरे घर का दरवाजा खटखटाया जिस पर मेरी बेटी ने दरवाजा खोला तो दोनों आरोपी घर में जबरन घुस गए और अश्लील हरकत करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे इसी दौरान मेरी बेटी चिल्लाई तो दोनों घर से बाहर भागने लगे इसी दौरान ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मांडल थाना पुलिस ने दोनों युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है, युवकों से पूछताछ कर रही है दोनों युवकों ने अपना नाम सोकिन नाथ पुत्र सजन नाथ,वह बिनोद नाथ पुत्र रमेश नाथ बताया और पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस घटना के बाद गांव में सनसनी और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि कानून के अनुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे और पीड़िता को पूरा न्याय दिलाया जाएगा।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल ने लोकसभा में उठाया प्रश्न

# सरकार के सार्थक प्रयासों से समृद्ध कृषि उन्नत किसान का मूलमंत्र हो रहा साकार : भागीरथ चौधरी

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को राजस्थान के भीलवाड़ा से सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विकसित कृषि संकल्प अभियान की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी सदन में रखी। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सदन में केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि यह अभियान देशभर में किसानों को आधुनिक, संतुलित और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हुआ है।

34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहा अभियान : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से देशभर में इस अभियान के तहत 2170 टीमों द्वारा 7970 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 728 जिलों के 1.40 लाख से अधिक गांवों से जुड़े 1.35 करोड़ से अधिक किसानों ने भागीदारी की। इनमें लगभग 95.07 लाख पुरुष किसान और करीब 40 लाख महिला किसान शामिल रहीं। यह अभियान 34 राज्यों और केंद्र



शासित प्रदेशों में कृषि एवं उससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा, जिससे जमीनी स्तर पर किसानों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार सरकारी सहायता सुनिश्चित की गई।

अभियान का राजस्थान में विशेष तौर पर क्रियान्वयन : केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए बताया कि राज्य में किसानों तक नवीन और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी पहुंचाने के लिए 103 टीमों के माध्यम से 3641 कार्यक्रम संचालित किए गए। इन कार्यक्रमों के जरिए 41 जिलों के 7349 गांवों में 8.9 लाख से अधिक किसानों तक सीधी पहुंच बनाई गई, जिनमें 6.19 लाख पुरुष और 1.90 लाख महिला किसान शामिल रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य खरीफ मौसम के लिए संतुलित, उन्नत एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करना रहा। किसानों की मांग और जरूरत के अनुसार सहायता प्रदान किए जाने के कारण राजस्थान इस अभियान में देश में चौथे स्थान पर रहा, जो राज्य में इसके प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है।

भीलवाड़ा जिले की जानकारी साझा करते हुए भागीरथ चौधरी ने बताया कि यहां दो टीमों द्वारा 90 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 22,883 किसानों ने भाग लिया। अभियान के अंतर्गत देशभर में बड़ी संख्या में किसानों को सम्मानित किया गया तथा एफपीओ, कृषि उद्यमियों, नवाचारकर्ताओं और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा गया, जिससे कृषि कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सहायता की सीधी पहुंच किसानों तक सुनिश्चित हुई। इससे संस्थागत सुदृढ़ता के साथ-साथ तकनीकी नवाचार को भी बढ़ावा मिला है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान ने न केवल किसानों की तकनीकी समझ को बढ़ाया है, बल्कि उत्पादन में वृद्धि और आय संवर्धन के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की दिशा में किसानों को प्रेरित भी किया है। यह अभियान आत्मनिर्भर और समृद्ध किसान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है।

मीणों का खेड़ा के सरकारी स्कूल में पुलिस की मानवीय पहल

## 155 विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोदूकोटा स्थित मीणों का खेड़ा,स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का एक प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया।जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा द्वारा वर्ष 2018 में गोद लिए गए इस विद्यालय में लगातार आठ वर्षों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोग किया जा रहा है।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मेवाड़ा के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में कोतवाली थाने में तैनात कांस्टेबल चंद्रभान छिल्लर द्वारा विद्यालय के कुल 155 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।स्वेटर वितरण के साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व,अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों के बारे में भी प्रेरित किया गया।कांस्टेबल चंद्रभान छिल्लर ने बच्चों से नियमित अध्ययन करने,आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने का संदेश दिया।विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग का यह प्रयास न केवल बच्चों को ठंड से राहत देता है,बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। ग्रामीणों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वर्षों से चल रहा यह पुनीत कार्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहा है।कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा शिक्षा के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

## चरागाह जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



स्मार्ट हलचल| करेडा

उप खंड क्षेत्र के के भभाणा ग्राम पंचायत के अलगवास गावं में चरागाह जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर पर्यावरण एवं जन चेतना मचं के बैनर तले उप खंड अधिकारी रेखा गुर्जर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है गावं के पशु चराने के लिए चरागाह जमीन है जिस पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है और पशुओं को भी नही चराने दे रहे है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञापन में प्रशासन से जल्द जाचं कर कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान बडी संख्या में ग्रामीण उप-स्थत थे।

## एन.एस. एस. सात दिवसीय विशेष शिविर: तृतीय दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** राजकीय महाविद्यालय रायपुर,में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत बुधवार को तृतीय दिवस के प्रातःकालीन सत्र का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुनील कोण्टा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार गोरा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया गया।

अतिथि सत्कार के उपरांत मुख्य अतिथि श्री सुनील कोण्टा ने 'पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका' विषय




पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने, अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री भैरू लाल सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार गोरा ने मुख्य अतिथि श्री कोण्टा के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के द्वितीय सत्र में पर्यावरण संरक्षण विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में खुशबू उपाध्याय एवं आयुषी उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा सुधार प्रथम स्थान तथा लोकेश कुमार खटीक द्वितीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों पर ट्रिगर्ड (टैग) लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य वाक्य के साथ किया गया।

## मोड़ का निंबाहेड़ा सरपंच ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए



स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** अब धीरे धीरे सर्दी अपना रौद्र रूप दिखाने लग गई है, हालांकि दिन में धूप निकलने के बाद सुबह शाम ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है । ऐसे अवसर पर जरूरतमंद बालकों को मोड़ का निंबाहेड़ा सरपंच रुक्मण देवी माली द्वारा ऊनी वस्त्र एवं स्वेटर वितरित किए, सरपंच प्रतिनिधि राजू माली ने बताया कि मोड का निंबाड़ा एवं अन्य क्षेत्रों में जहां भी जरूरतमंद बालक बालिकाएं हैं उनको सरपंच रुक्मण देवी /हजारी लाल माली की ओर से स्वेटर वितरित किए जाएंगे। इसी दौरान मोड़ का निंबाहेड़ा कस्बे के महावीर गंज (कच्ची बस्ती ) में स्थित जोगणिया माता मंदिर परिसर में बालकों को स्वेटर वितरित के दौरान बच्चे खुशी से झूम उठे, राजू माली ने कहा कि जहां-जहां भी जरूरत होगी और भी जरूरतमंद बच्चों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे । इस मौके पर मेवाराम खटीक, सुखदेव साहू, पिंटू लाल प्रजापत, लाली देवी भील, गीता देवी, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बनेड़ा में पेंशनर्स डे आयोजित



स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

राजस्थान पेशनर्स मंच तहसील शाखा के तत्वावधान में बुधवार को पेशनर्स डे समारोह सामुदायिक भवन परिसर में मनाया गया । पेशनर्स डे समारोह की अध्यक्षता राजाधिराज गोपाल चरण सिसोदिया एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप जिला वालीवाल संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी सानिध्य मे हुआ। पेशनर्स मंच अध्यक्ष नियाज मोहम्मद सिलावट एव अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण और साफा बंधवाकर के स्वागत किया गया है। यज्ञनारायण शर्मा सम्पूर्ण वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव पेशनर्स के साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेंशनर्स का स्वागत किया गया। साथ ही पेंशनर्स को नई जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान कोषाधिकारी महादेव राव मोती बोरखेडा स्थित नवग्रह आश्रम के वेध हंसराज चौधरी पुर्व सीएमएचओ डॉ आर सी सामरिया बालुराम टांक रामस्वरूप गग्गड के साथ ही शंभुलाल जोशी कल्याण सिंह राणावत रणजीत सिंह पंवार नवाब खा कायमखानी शंभुलाल दैराश्री द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम मे तहसील क्षेत्र के पेशनर्स भाग लिया।

## अंटाली में दो बड़ी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नव-निर्मित तहसील भवन शुरू करने और पंचायत समिति गठन की उठी जोरदार मांग

स्मार्ट हलचल| अंटाली

अंटाली में बुधवार को पूर्व राजस्व मंत्री एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दो प्रमुख मांगें रखीं—एक वर्ष से तैयार पड़े नव-निर्मित तहसील भवन में तत्काल तहसील कार्यालय शुरू किया जाए तथा अंटाली को पंचायत समिति का दर्जा दिया जाए।

क्षेत्र में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर जनआक्रोश खुलकर सामने आया। करोड़ों रुपये की लागत से बना अंटाली का तहसील भवन एक साल से तैयार होने के बावजूद उपयोग में नहीं लाया गया है। वर्तमान में तहसीलदार शंभूगढ़ उपतहसील कार्यालय से कार्य कर रहे हैं, जिससे



अंटाली सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की कि तहसीलदार को तुरंत अंटाली के नए भवन में स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीण पवन कुमार शर्मा और मुरली शर्मा ने बताया कि नामांतरण, सीमांकन, प्रमाण पत्र सहित राजस्व कार्यों के लिए बार-बार शंभूगढ़ जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अनावश्यक बर्बादी हो रही है।

महावीर प्रसाद बाबेल ने बताया कि ज्ञापन में अंटाली को पंचायत समिति का दर्जा देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति और प्रशासनिक जरूरतों के आधार पर अंटाली पंचायत समिति बनने की पूरी पात्रता रखता है। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों को विकास योजनाओं, प्रशासनिक सेवाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही तहसील भवन में कार्य शुरू नहीं किया गया और पंचायत समिति गठन पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो क्षेत्रवासी धरना-प्रदर्शन और बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## अकाय क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों का जिला अंडर-14 टीम में चयन

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

अकाय क्रिकेट एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों हितांश जीवनणी एवं तनमय साहू का चयन चित्तौड़गढ़ जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम में होने पर एकेडमी एवं खेलप्रेमियों में हर्ष की लहर है। चयनित खिलाड़ी आगामी मैच जयपुर स्टेट लेवल पर आयोजित प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर अकाय क्रिकेट एकेडमी के संयोजक श्री आशीष टांक ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कोच श्री रुस्तम मंसूरी, हेड कोच श्री खुर्शीद सर एवं सहयोगी कोच श्री लोकेश आमेटा ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास को



इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

अकाय क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों यश धाकड़, नीलेश गणावा, पार्थ मानशानी, चेतन सुथार, उमेश कुमावत एवं हर्षवर्धन सहित समस्त एकेडमी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चयनित खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। एकेडमी प्रबंधन ने विश्वास जताया कि चयनित खिलाड़ी अपने खेल कौशल से जिले एवं एकेडमी का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## निंबाहेड़ा में महाआयोजन: 25 को लगेगा 10वां विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, जयपुर के विशेषज्ञ करेंगे ऑपरेशन

हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी की पहल: स्व. हरीश आंजना की स्मृति में पेच एरिया परिसर में जुटेंगे डॉक्टर्स

जांच, ऑपरेशन, लेंस, चश्मा, रहना और खाना सब कुछ रहेगा फ्री

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा



मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इसी ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए हरीश आंजना एजुकेशन सोसायटी निंबाहेड़ा में एक बार फिर सेवा का महाकुंभ आयोजित करने जा रही है। सोसायटी के तत्वावधान में 25 दिसंबर (गुरुवार) को डाक बंगला रोड स्थित पेच एरिया परिसर में 10वां विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

इनकी स्मृति में सेवा का संकल्प

यह शिविर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं सोसायटी के मुख्य ट्रस्टी उदयलाल आंजना के सुपुत्र स्व. हरीश आंजना, माताजी स्व. गोपीबाई आंजना एवं पिताजी स्व. भेरूलाल आंजना की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। पिछले 9 वर्षों से यह सोसायटी नेत्र रोगियों के जीवन में रोशनी भरने का कार्य कर रही है।

शिविर में राजस्थान सरकार (जयपुर) की भ्रमणशील शल्य चिकित्सा इकाई के वरिष्ठ और अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### ये सुविधाएं रहेंगी पूर्णतः नि:शुल्क

सोसायटी द्वारा शिविर में आने वाले मरीजों के लिए सभी व्यवस्थाएं निशुल्क रखी गई हैं। इसमें नेत्र रोगों की जांच, परामर्श, दवाइयां, चश्मे, मोतियाबिंद का ऑपरेशन और उच्च गुणवत्ता वाले लेंस का प्रत्यारोपण शामिल है। इसके अलावा भर्ती मरीजों के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी सोसायटी द्वारा की जाएगी।

### आधार कार्ड लाना अनिवार्य

शिविर में 25 और 26 दिसंबर को मरीजों का पंजीयन, जांच और ऑपरेशन किए जाएंगे। आयोजकों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इलाज के लिए आते समय अपना आधार कार्ड साथ अवश्य लाएं, ताकि रजिस्ट्रेशन में आसानी हो सके।

## एसडीएमसी/एस एम सी का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामगढ़ में बुधवार को पीईईओ अधीनस्थ विद्यालय के एसडीएमसी एस एम सी का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एसडीएमसी सचिव भगवान सहाय बैरवा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे । दक्ष प्रशिक्षक दिलीप त्रिपाठी ने एसडीएमसी एस एम सी की मार्गदर्शिका पर विस्तार से चर्चा की गई। एम टी नरेश मीणा ने एसडीएमसी एसएमसी सदस्यों के कर्तव्य , विद्यालय विकास योजना, विद्यार्थी सुरक्षा, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, ज्ञान संकल्प पोर्टल के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में पी ई ओ क्षेत्र के समस्त विद्यालयों से लगभग 60 सदस्य भाग ले रहे है। प्रशिक्षण में शारीरिक शिक्षक लादू लाल तेली शंभूनाथ योगी देवीलाल धाकड़ नंदकिशोर सनाढ्य छुट्टन लाल मीणा एसएमसी अध्यक्ष भोजराज मीणा अर्जुन सिंह देवलाल रैगर चंपालाल गोपाललाल नंदकिशोर शिवलाल मीणा सत्यनारायण बारेठ रामेश्वर लाल सीताराम गुर्जर श्रीमती पिंकी कंवर बदाम देवी मीणा आदि पीईईओ क्षेत्र के सदस्यों ने प्रथम दिवस में भाग लिया।

## 111 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

पीएमश्री मोतीलाल तेजावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोल्यारी में हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

प्राआरूप फाउंडेशन एवं सज्जन देवी फाउंडेशन उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री मोतीलाल तेजावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोल्यारी (फलासिया) में बुधवार को स्वेटर वितरण एवं सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड संगीत निर्देशक एवं गायक ऐकार्थ पुरोहित ने अपने प्रेरणादायी सत्संग गीत की प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों को



सकारात्मक सोच एवं जीवन मूल्यों का संदेश दिया। जिसमें प्राआरूप फाउंडेशन की ओर से गगन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के कुल 111 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे सामाजिक व शैक्षिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर एसडीएम झाड़ोल कपिल कोठारी, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बालगोपाल शर्मा, विद्यालय प्राचार्य तबिश ज़हीर ख़ान, रमा शर्मा एवं हेमंत पुरोहित सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## 12वीं बटालियन आरएसी (आईआर) कानिस्टेबल के लिए रिक्त पदों की पूर्ति हेतु चयन सूची जारी

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

12वीं बटालियन आर.ए.सी. (आई.आर.) दिल्ली में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के लिए 79 तथा कानिस्टेबल (चालक) के 05 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के उत्तीर्ण अभ्यार्थियों की शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल परीक्षा 8 दिसंबर को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में आयोजित की जाकर गठित चयन बोर्ड अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के अग्रिम चरण (दस्तावेज सत्यापन/चरित्र/ सत्यापन/स्वास्थ्य परीक्षण) हेतु चयन सूची पर लिया गया है।

चयनित अभ्यार्थियों की सूची राजस्थान पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा कार्यालय, कमांडेंट 12वीं बटालियन आरएसी (आईआर) विकासपुरी, नई दिल्ली तथा रियर मुख्यालय, देबारी, उदयपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

12वीं बटालियन आरएसी कमांडेंट केवल राम (आईपीएस) ने बताया कि सभी चयनित अभ्यार्थी नियुक्ति हेतु अग्रिम प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं कांस्टेबल चालक हेतु स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस एवं 10 पासपोर्ट साइज नवीनतम एवं रंगीन फोटोग्राफ एवं प्रवेश पत्र आदि लेकर उपस्थित होवे। अभ्यार्थी समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं स्वयं द्वारा प्रमाणित एक-एक छायाप्रतियों सहित उपस्थित होवे। स्वास्थ्य परीक्षण तथा दस्तावेज सत्यापन की तिथि एवं स्थान पृथक से अवगत कराया जाएगा।

# होटल-ढाबों पर अवैध मदिरा रखने पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। धौलपुर एवं सिरोही में होटल व ढाबों पर अवैध मदिरा रखने पर कार्रवाई कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किए।

आबकारी आयुक्त श्री नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सीकर में आबकारी निरोधक दल व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के तहत आबकारी थाना सीकर उत्तर क्षेत्र में 38 पेटी देशी मदिरा, विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब एवं 20 बीयर की बोतल जब्त कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। धौलपुर जिले में बाडी रोड़, संतनगर चौराहा, बाड़ी-सैपउ बाईपास क्षेत्र में होटल व ढाबों पर दबिश की कार्रवाई में 2 होटल में विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब, बीयर बरामद की गई। मौके से 2 डीप फ्रीज भी जब्त किए और 8 लोगों को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया। भीलवाड़ा में गश्त व दबिश की कार्रवाई में 2750 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 82 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। मौके से 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 6 अभियोग दर्ज किए। सिरोही के आबू रोड क्षेत्र के ग्राम भैंसा सिंह, उपलागढ, निचली बोर के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई के तहत 4500 लीटर उत्तेजित वॉश एवं 5 शराब की भट्टियां नष्ट की गई साथ ही पिंडवाड़ा क्षेत्र में होटल-ढाबों पर तलाशी में 25 पव्वे देशी शराब के बरामद कर अभियोग दर्ज किया। पाली जिले में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में एक हजार लीटर वॉश नष्ट कर 3 अभियोग दर्ज किए। दौसा के ग्राम देवली में दबिश की कार्रवाई में 3 हजार लीटर वॉश एवं 5 भट्टियां नष्ट की। डूंगरपुर के माथुगामड़ा, खेमारू, रामपुर बियोला में रेड की कार्रवाई एक हजार लीटर वॉश नष्ट किया और मौके से 10 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई। बीकानेर में भारतमाला रोड़ नौरंगदेसर पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली गई। हनुमानगढ़ में नोहर-पालू रोड़ पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की गई। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

# नोटिस पर भी कार्यग्रहण नहीं करने वाले 4 बीएलओ के निलम्बन की कार्यवाही प्रस्तावित की

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) श्री जितेन्द्र ओझा ने नवगठित मतदान केन्द्रों के बीएलओ के रूप में कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले 4 कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही के प्रस्ताव जिला कलक्टर को प्रेषित किए हैं।

ओझा ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन कर शहर विधानसभा क्षेत्र में 36 नये मतदान केन्द्र गठित किए गए हैं। इनमें से कुछ केन्द्रों पर निर्वाचन संबंधी कार्य हेतु नियुक्त बीएओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर नोटिस देकर पाबंद किया था। इसके बावजूद गुरुवार तक कार्यभार नहीं ग्रहण करने वाले शिक्षा विभाग के 4 कार्मिकों तृप्ति दवे, समीरा कुर-शी, भावना भगनानी एवं कुसुमलता बडगुर्जर को विशेष गहन पुनरीक्षण के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उदासीनता बरतने का दोषी पाया गया है। इन सभी के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक एवं निलम्बन की कार्यवाही के प्रस्ताव जिला कलक्टर महोदय को प्रेषित किए गए हैं।

# छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को काढा वितरतण किया



स्मार्ट हलचल| करेडा

उपखंड क्षेत्र के लादुवास ग्राम पंचायत में घीसु लाल कुमावत मेमोरियल राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मे विभाग के उपनिदेशक डा महाराज सिंह के निर्देश पर छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को काढा वितरतण किया गया ।इस दौरान औषधालय के अधिकारी ने काढे का उपयोग वर्तमान में मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए बताते हुए आयुर्वेद के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान कम्पाउंड बशीं लाल कुमावत, शभूं लाल सैन, सुनील कुमार शर्मा, भैरू लाल तिवाड़ी सहित गावं के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# अजमेर कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

स्मार्ट हलचल



**अजमेर।** राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर अजमेर शहर कांग्रेस की ओर से बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को झूठे मुकदमे में फंसाने के मामले में न्यायालय द्वारा मुकदमा खारिज कर ईडी को फटकार लगाने पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया। बैरिकेड्स लगाकर कार्यकर्ताओं को भी रोका गया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री रघु शर्मा, नसीम अख्तर के साथ ही विधायक विकास चौधरी और जिला अध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल के साथ ही कई कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक विकास चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें फसाना चाहती है। जिसे न्यायालय ने पर्दाफाश कर दिया है। मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर कांग्रेस को परेशान कर रही है। लेकिन इससे कांग्रेस और मजबूत होकर मैदान में उतरेगी।

शहर जिला अध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल ने कहा कि आज केंद्र सरकार का पुतला कलेक्ट्रेट पर फूंका गया। इस दौरान कांग्रेस ने प्रदर्शन कर बताया कि किस तरह जनता के साथ देशभर में खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस सरकार में कई लोगों को रोजगार देने का काम किया। लेकिन वर्तमान सरकार उनसे रोजगार छीनना चाहती है और कई लोगों को बेरोजगार करना चाहती है। यह जनता के सामने आ चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत राजीनामा से अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण 21 दिसंबर को



स्मार्ट हलचल

**वैर।** वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 21 दिसंबर 2025 को न्यायालय परिसर वैर में होने जा रही है। तालुका विधिक सेवा समिति वैर के सचिव कन्नू जैन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों के सफल निस्तारण हेतु अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति, वैर के अध्यक्ष महोदय मोहित द्विवेदी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें लंबित प्रकरणों यथा एम.ए.सी. टी., बैंकिंग सेक्टर, ऋण वसूली, पारिवारिक मुकदमे, प्री -लिटिगेशन एवं अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों के निस्तारण को लेकर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत का महत्व बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सस्ता सुलभ व शीघ्र न्याय दिलाया जा सकता है जिसमें पक्षकारों को आपसी सामंजस्य, सद्भाव और समझाइश से अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमे एवं अन्य प्रकरणों का शीघ्र ही निस्तारण किया जा सकता है जिससे पक्षकारों को कोई परेशानी भी ना हो और ना ही कोई अधिक खर्च हो। इस अवसर पर बार संघ अध्यक्ष विकास शर्मा, गोपाल राम शर्मा, हरीश भारद्वाज, ओम प्रकाश व्यास, प्रीतम चंद कटारा, पूरनचंद धाकड़, अरुण कुमार मुद्गल, भारत भूषण बंसल, कृष्ण वीर गुर्जर, सत्येंद्र गुप्ता, रमेश चंद सोगरवाल एवं अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने जनता से किये हर वादे को किया पूरा

## सुशासन पखवाड़े के तहत गांवों में पहुंचा विकास रथ



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान की भाजपा सरकार के दो वर्षो के कार्यकाल में जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक आमजन को मिले इस पर विशेष घ्यान दिया गया। भजनलाल सरकार द्वारा चुनाव पूर्व जनता से किए प्रत्येक वादे को पूरा करके दिखाया है।

यह बात सुशासन पखवाड़ा के विधानसभा संयोजक पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ ने बुधवार को ग्राम पंचायत सामरी, सावा, चिकसी, देवरी व सहनवा में विकास रथ के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद ने कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्षो में विकास को प्राथमिकता दी गई। समाज के प्रत्येक वर्ग के हित में अनेक कल्याणकारी कार्य किए जा रहे है। सुशासन पखवाड़ा के विधानसभा सह संयोजक अनिल सुखवाल ने बताया कि गुरूवार को ग्राम पंचायत मानपुरा, सेमलपुरा, आंवलहेड़ा व नगरी में विकास रथ के माध्यम से सरकार की योजनाओ की जानकारी आमजन तक पहुचाई जाएगी। इस अवसर पर कैलाश गुर्जर, सत्यनारायण सुखवाल, सावा मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण कुमावत, हरिसिंह जाट, गणेश साहु, हरनारायण लक्षकार, हेमराज मेघवाल, कुकालाल डांगी, चांदीबाई, मंगनीराम डांगी, रामगोपाल जाट सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जुए सट्टे की रकम के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में हिस्ट्री सीटर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** पुलिस ने जुए सट्टे की रकम को लेकर हुए विवाद में एक हिस्ट्री सीटर बदमाश सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. भवानी मंडी पुलिस उप अधीक्षक प्रेम कुमार ने बताया भवानी मंडी निवासी हिस्ट्रीशीटर अनिल उर्फ अनु योगी तथा राजकुमार गुर्जर और साबिर अहमद का हुए जुए सट्टे की रकम को लेकर विवाद था अनु योगी ईन दोनों से जुए की रकम के 3 लाख जीत गया था इन दोनों से वह 3 लाख रुपये मांग रहा था जिसको लेकर इनका विवाद हुआ था पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशानुसार इस विवाद की गहनता से छानबीन करने पर पता चला कि यह तीनों आरोपी संगठित होकर जुआ सट्टा के कारोबार चलाते हैं इसके संबंध में मजबूत तकनीकी साक्ष्य प्राप्त होने के बाद पुलिस द्वारा स्वत संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के विरुद्ध एक ही प्रकरण में धारा 112 (2)बी एन एस 2023 में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि अनिल योगी उर्फ अनु पुत्र मोहनलाल जाति बैरागी उम्र 42 साल निवासी महाकाल कॉलोनी थाना भवानी मंडी पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट .जुआ एक्ट हत्या जैसी गंभीर धाराओं में प्रकरण पंजीकृत हैं तथा यह एक हिस्ट्री सीटर अपराधी है दो अन्य आरोपी जिसमें राजकुमार गुर्जर पुत्र रमेश चंद्र जाति गुर्जर उम्र 48 साल निवासी भैसोदा मंडी मंडी थाना भानपुरा तथा साबिर अहमद पुत्र से शाहिद अहमद जाति मुसलमान उम्र 45 साल मेवाती भे सोदा मंडी थाना भानपुरा जिला मंदसौर तीनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है इन तीनों आरोपियों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई में गठित पुलिस टीम में थाना अधिकारी प्रमोद कुमार. हेड कांस्टेबल अ खेराम. कांस्टेबल सुखदेव .कांस्टेबल तेजेंद्र सिंह कांस्टेबल चुरामन आदि शामिल थे।

# विकास रथ से दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**बेगूं।** प्रदेश में भजन लाल सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूर्व प्रदेश मंत्री विधानसभा प्रभारी पिंकेश पोरवाल एवं जिला मंत्री कैलाश मंत्री के सानिध्य में पहुंचे विकास रथ ने ग्रामीणों को विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

भाजपा मीडिया प्रमुख कमलेश धाकड़ ने बताया कि बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के गोपालपुरा, राजगढ़, इटावा, दुगार, बरनियास, मोतीपुरा ग्राम पंचायतों में पहुंचे विकास रथ के साथ उपस्थित विकास रथ प्रभारी गोदूलाल एवं मंडल अध्यक्ष राकेश पितलिया ने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितार्थ योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार गोपाल जीनगर, बीडीओ सुरेश गिरी गोस्वामी, पारसोली थाना अधिकारी शिवराज राव, पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर सिंह चौहान, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपाल धाकड़, मंडल महामंत्री राधेश्याम खटीक, राजगढ़ सरपंच कैलाश चंद्र प्रजापत, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लालाराम कुमावत आदि मौजूद रहे।

# अब धरती के भगवान हो गए शैतान? खांसी के इलाज में लगा दिया मौत का इंजेक्शन

स्मार्ट हलचल



**लखनऊ।** इलाज की उम्मीद लेकर क्लीनिक पहुंची एक महिला के लिए वही जगह मौत का दरवाजा बन गई, जहां से उसे राहत मिलनी थी। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से सामने आई यह घटना न सिर्फ दिल दहला देने वाली है, बल्कि चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। नगर पालिका के सामने स्थित एनके गोयल क्लीनिक में खांसी के इलाज के लिए पहुंची 52 वर्षीय अनोखी उर्फ सुक्की को जैसे ही इंजेक्शन लगाया गया, उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इंजेक्शन लगते ही महिला के मुंह से झाग निकलने लगा और वह तड़पने लगी। क्लीनिक में अफरा -तफरी मच गई, परिजन मदद के लिए चीखते रहे, लेकिन कुछ ही पलों में महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक में डॉक्टर की जगह कंपाउंडर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उनकी बेटी की जान चली गई। अचानक हुई मौत से गुस्साए परिजनों ने क्लीनिक में जमकर हंगामा किया और कंपाउंडर के साथ-साथ क्लीनिक संचालक पर भी गंभीर आरोप लगाए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी क्लीनिक का निरीक्षण कर रिकॉर्ड और इस्तेमाल की गई दवाओं की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि इसी क्लीनिक में एक माह पहले भी एक मरीज की मौत हो चुकी है और उस समय भी लापरवाही के आरोप लगे थे, बावजूद इसके क्लीनिक पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी किया है और मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है, ताकि मौत के असली कारणों का पता चल सके। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और यदि लापरवाही साबित होती है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। यह घटना निजी क्लीनिकों की मनमानी और बिना योग्य डॉक्टरों के इलाज की खतरनाक सच्चाई को उजागर करती है। जहां डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है, वहीं ऐसी घटनाएं उस भरोसे को तोड़ देती हैं और यह सवाल खड़ा करती हैं कि कहीं इलाज के नाम पर मौत तो नहीं बांटी जा रही। यह मामला पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक कड़ी चेतावनी है कि अगर समय रहते सख्त निगरानी और जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आम मरीजों की जान यूं ही खतरे में पड़ती रहेगी।

# विहिप की राम को जानो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 22 को

**कपासन।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा राम को जानो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी 22 दिसंबर सोमवार को आयोजित की जायेगी।

बजरंग दल जिला सह संयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि इसकी तैयारी को लेकर स्थानीय टोली ने विद्यालय प्रबंधकों से संपर्क किया कर सुबोध रामायण नामक पुस्तक का वितरण किया गया। परीक्षार्थी संबंधित पुस्तक का अध्ययन करके परीक्षा दे पाएंगे। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के साथ जिन विद्यालयों का सहयोग प्राप्त होगा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता राम एवं रामायण को जानने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# झंडे की रस्म अदायगी के साथ गरीब नवाज के 814वें उर्स का आगाज

स्मार्ट हलचल



**अजमेर।** सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना 814वें उर्स की अनौपचारिक शुरुआत बुधवार को परंपरागत झंडे की रस्म के साथ हो गई। यह ऐतिहासिक रस्म दरगाह स्थित बुलंद दरवाजे पर अदा की गई, जिसे भीलवाड़ा से आए गौरी परिवार ने निभाया। इस मौके पर देशभर से आए हजारों अकीदतमंद मौजूद रहे और पूरी दरगाह परिसर ख्वाजा के दीवाने की सदाओं से गूंज उठा।

झंडे की रस्म के लिए असर की नमाज के बाद गरीब नवाज गेस्ट हाउस से भव्य जुलूस रवाना हुआ। जुलूस में शाही चौकी के कव्वालों ने कव्वालियां पेश कीं, वहीं बैंड-बाजों के साथ लंगरखाना गली होते हुए जुलूस निजाम गेट से दरगाह में प्रवेश कर बुलंद दरवाजे तक पहुंचा। जैसे ही झंडा बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया गया, अकीदतमंदों में उत्साह और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। अपनी-अपनी मन्नतों के साथ जायरीन झंडे को छूने और चूमने की ख्वाहिश पूरी करते नजर आए।

झंडे की रस्म अदा करने वाले गौरी परिवार ने बताया कि यह परंपरा दशकों से चली आ रही है। वर्ष 1928 में फखरुद्दीन गौरी के पीर-ओ-मुर्शिद अब्दुल सत्तार बादशाह ने सबसे पहले यह रस्म अदा की थी। इसके बाद 1944 में यह जिम्मेदारी लाल मोहम्मद गौरी को सौंपी गई। उनके इंतकाल के बाद 1991 से उनके पुत्र मोईनुद्दीन गौरी ने यह रस्म निभाई और वर्ष 2007 से फखरुद्दीन गौरी लगातार इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

बताया जाता है कि पहले जब बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाया जाता था, तो वह आसपास के गांवों तक दिखाई देता था। उस दौर में मकान छोटे होते थे और बुलंद दरवाजा दूर से नजर आता था। झंडा देखकर ही लोगों को यह संदेश मिल जाता था कि पांच दिन बाद गरीब नवाज का उर्स शुरू होने वाला है। इसी तरह यह खबर एक से दूसरे गांव तक पहुंच जाती थी। रजब का चांद दिखाई देने के बाद आगामी 21 या 22 दिसंबर से उर्स की विधिवत धार्मिक रस्में शुरू होंगी, जिनमें महफिल-ए-समां, चादर पेशी और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झंडे की रस्म के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और भारी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। श्रद्धा, परंपरा और सूफियाना रंग के साथ 814वें उर्स का आगाज पूरे शानो-शौकत से हुआ। वहीं बीते दिनों दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी के बाद दरगाह में सुरक्षा के इंतजाम कड़े कर दिए गए है, आज बड़ी संख्या में पुलिस का जाब्ता तैनात रहा।

# देव कार्य पितृ कार्य अमावस्या शुक्रवार को होगी

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** पौष मास कृष्ण पक्ष अमावस शुक्रवार 19 दिसंबर सन 2025 को इस वर्ष की आखिरी अमावस रहेगी ।

पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि पंचांग एवं ज्योतिष गणना के अनुसार देव कार्य पितृ कार्य अमावस्या एक ही दिन रहेगी ।इस दिन पितरों के नाम से दान -पुण्य ,हवन पूजन करने , नारायण बलि ,पिंड प्रधान ,तर्पण -मार्जन से पितृ मोक्ष गति को प्राप्त होकर जनमानस को आशीर्वाद प्रदान करते हैं ।

मलमास की अमावस होने से तिल का दान तेल के मीठे पकोड़े नमकीन पकोड़े दान करने से सूर्य भगवान प्रसन्न होते हैं पंडित दाधीच ने कहा कि ब्रह्मा के ब्रह्म सरोवर पुष्कर तीर्थ में पितरों के नाम से दान पुण्य करना अक्षय गुना फल लिखा है ।गौ सेवा पशु पक्षी सेवा करना एवं गरीब असहाय विकलांग ,अंधहीन ब्राह्मण को गर्म वस्त्र गरम भोजन दान करना सर्वश्रेष्ठ बताया है। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाना ,पीपल का पूजन एवं विष्णु भगवान की पूजन करना परिवार के लिए सुख समृद्धि का श्रेष्ठ योग माना गया है। जल दान दूध दही एवं दूध से बने हुए पकवान दान करने का शास्त्र में वर्णन है।

# सरकारी बस बनी असुरक्षित! घटियाली में रोडवेज चालक पर दबंगों का कहर, यात्रियों के सामने दी खुली धमकी– 'बस टाइम पर नहीं आई तो रोज मारेंगे'

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सार्वजनिक परिवहन की रीढ़ माने जाने वाले रोडवेज कर्मचारी अब खुद को असहाय और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। घटियाली कस्बे में दिनदहाड़े राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के एक चालक के साथ जो हुआ, उसने न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया, बल्कि आम यात्रियों के मन में भी भय पैदा कर दिया है। अजयमेरु डिपो में कार्यरत एवं लुहारी कलां निवासी बस चालक हरीसिंह मीणा शनिवार को नियत समय पर अजमेर से बस लेकर रवाना हुए थे। शाम करीब






चार बजे जैसे ही बस घटियाली के दशहरा मैदान के सामने पहुंची, तभी पल्सर बाइक पर सवार तीन युवकों ने रास्ता रोककर बस रुकवा दी। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

बस रुकते ही दो युवक चालक के फाटक तक पहुंचे, जबरन दरवाजा खोला और हरीसिंह मीणा को घसीटते हुए नीचे उतार लिया। इसके बाद सड़क पर ही लात-घूंसे बरसाए गए। हमलावरों की जुबान से निकले शब्द हालात की भयावहता बयान करने के लिए काफी थे–

'अगर बस समय पर नहीं लाई तो रोज इसी तरह मारपीट करेंगे।'

इस बर्बरता को देखकर बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। महिलाएं और बच्चे सहमे नजर आए। बस परिचालक जोधराज सिंह और कुछ यात्रियों ने साहस दिखाते हुए बीच-बचाव किया, तब जाकर चालक को दबंगों के चंगुल से छुड़ाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक शराब के नशे में धुत थे और मारपीट के बाद भी गाली-गलौच करते हुए आतंक मचाते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पल्सर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। चार दिन बाद मंगलवार शाम को पीड़ित चालक ने सावर थाने में तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना से रोडवेज कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है। कर्मचारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सार्वजनिक परिवहन कर्मचारियों के लिए ठोस सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

घटियाली की यह घटना एक चेतावनी है– अगर समय रहते सख्ती नहीं बरती गई, तो सड़क पर कानून नहीं, दबंगों की मनमर्जी चलेगी।

# झगड़ा सुलझाने गए पुलिसकर्मी को चांटा जड़ा, पीछे से थप्पड़ लगाया

## बिजली के विवाद को लेकर 2 भाई भिड़े थे

स्मार्ट हलचल



दौसा में पुलिसकर्मी से हाथापाई का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद थाने में एफआईआर दर्ज कर 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटनाक्रम कोलवा थाना क्षेत्र के कुण्डल गांव में बुधवार का बताया जा रहा है। दरअसल, कंट्रोल रूम से कोलवा थाना पुलिस को कुण्डल गांव में दो सगे भाइयों के बीच पारिवारिक विवाद में झगड़े की सूचना मिली थी। इसके बाद जाप्ते ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया तो एक पक्ष के महिला-पुरुषों ने पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई कर दी।थाना इंचार्ज रामशरण ने बताया कि कंट्रोल रूम से मिली कुंडल गांव में झगड़े की सूचना पर ड्यूटी जाब्ते को मौके पर भेजा गया था। जहां एक ही परिवार के दो पक्षों में बिजली बिल को लेकर आपसी विवाद की बात सामने आई। जिनसे समझाइश करने पर एक पक्ष के लोगों ने पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई और अभद्रता की। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने लाकर शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर दी गई है। साथ ही राजकार्य बाधा व जवान से अभद्रता को लेकर भी कार्रवाई की जाएगी।

# अजमेर-कोटा स्टेट हाइवे बना गंदे पानी का नाला, प्रशासन की नींद में हादसों का तांडव

## नगरपालिका-पीडब्ल्यूडी की खुली लापरवाही, टोल वसूली जारी पर सड़क मौत का जाल

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** अजमेर-कोटा स्टेट हाइवे पर सावर-केकड़ी रोड स्थित गाड़िया लोहार कॉलोनी के सामने हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि हाइवे अब सड़क नहीं, गंदे पानी का नाला बन गया है। नालियों का बदबूदार पानी सरेआम हाइवे पर बह रहा है, सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और उन्हीं गड्ढों में भरा गंदा पानी रोजाना दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। प्रशासन की लापरवाही ने इस मार्ग को वाहन चालकों के लिए मौत का जाल बना दिया है।

दिन हो या रात, वाहन गड्ढों में धंसकर बीच सड़क में खड़े हो जाते हैं। कई बार दोपहिया सवार फिसलकर



गिर चुके हैं, तो चारपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इसके बावजूद नगरपालिका सावर और सार्वजनिक निर्माण विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गंदा पानी रोड पर बहने की शिकायतें दर्जनों बार की जा चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वही स्टेट हाइवे है, जिससे रोजाना जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अफसर और अधिकारी गुजरते हैं। सावर में उपखंड अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार और विकास अधिकारी के दफ्तर होने के बावजूद हालात पर किसी का ध्यान नहीं जाना, सिस्टम की संवेदनहीनता को उजागर करता है। इधर, वाहन चालकों से टोल प्लाजा पर पूरे पैसे वसूले जा रहे हैं, लेकिन बदले में न सुरक्षित सड़क मिल रही है और न ही बुनियादी सुविधा। सवाल यह है कि जब सड़क की हालत नाले जैसी है तो टोल किस बात का लिया जा रहा है?

लगातार हो रही दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में उबाल है। लोगों का साफ कहना है कि यदि जल्द नालियों का पानी रोका नहीं गया और सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागता है या समय रहते इस बदहाली पर ब्रेक लगाता है।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ग्राम पंचायत घांस में किया ग्रामीण समस्या समाधान शिविर 2025 का निरीक्षण

## विकास रथ का किया अवलोकन-लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, फ्लेगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। विकास रथों में स्थापित एलईडी के माध्यम से आमजन को केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को ग्राम पंचायत समिति टोंक की ग्राम पंचायत घास में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर 2025 का निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी टोंक हकुमीचंद रोहलानिया एवं तहसीलदार टोंक



भगवती लाल जैन से शिविर की प्रगति की जानकारी लेते हुए पात्र लोगों को आवासीय पट्टे, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया। साथ ही विकास रथ में ऑडियो विजुअल माध्यम से दिखाई जा रही सरकार की 2 वर्ष की उपलब्धियों का अवलोकन करने के बाद उन्होंने कहा कि विकास रथों के माध्यम से वीडियो व ऑडियो संदेशों तथा जनसंवाद के जरिए आम लोगों को सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों एवं विकास कायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही सरकार द्वारा प्रकाशित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का वितरण भी लोगों के बीच किया जा रहा है, ताकि आमजन योजना की जानकारी प्राप्त कर सके। वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 10 दिसम्बर से आयोजित हो रहे है, जिला स्तरीय कार्यक्रम में 18 दिसम्बर को पर्यावरण संरक्षण अभियान को लेकर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके तहत मिशन लाईफ, सिंगल यूज प्लास्टिक, ई एवं सोलिड वेस्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम, 5 हजार से 7 हजार कपड़े के थैलों का वितरण, राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण जागरुक्ता पर प्रभात फेरी का आयोजन, वन विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग की नर्सरियों में बीजारोपण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# स्नेह मिलन समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल| जयपुर

जयपुर के सांगानेर स्थित राजस्थान एविएशन चैयरमैन वह द डेजर्ट ग्रुप इंडिया फाउंडर सद्दाम कादरी के जन्मदिन को लेकर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत कादरी के जन्मदिन पर कैक कटिंग से हुई। आपको बता दे इस मिलन समारोह में शामिल सभी अतिथि प्रत्येक व्यापार से संबंध रखने वाले थे। मिलन समारोह में उद्योग जगत को लेकर विशेष चर्चा रही जिसमें छोटे उद्योगपतियों को कैसे सहयोग करना है इसके साथ ही एविएशन उद्योग में आ रहे चैलेंज वह देश भर में एयरपोर्ट एयरलाइंस क्षेत्र में आ रही गिरावट को लेकर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मीडिया जगत वह फिल्म जगत पर भी एक नजर डाली गई जहां राजस्थान फिल्म वह मीडिया जगत पर विचार विमर्श किया गया। इस मिलन समारोह में क्रूज एवम् होटल मैनेजमेंट से ख्याति प्राप्त ओरिक वर्ड इंस्टीट्यूट ग्रुप संस्थापक मनोज कुमावत, एविएशन क्षेत्र से ग्लैम क्रू एविएशन संस्थापक स्नेहल भारद्वाज, होटल इंडस्ट्री से होटल व्यवसायी एवम् मीडिया प्रभारी सुमित शर्मा, पीआर एवम् इवेंट्स एक्सपर्ट सागरी टाइम्स मीडिया संपादक जूझा राम थोरी, आई टी एवम् मीडिया एक्सपर्ट रूपेंद्र गुप्ता, कांग्रेस सांगानेर ब्लॉक इंचार्ज एवम् कार्यकर्ता रमेश मीणा, राजस्थान फिल्म असोसिएशन सचिव एक्टर दीपक (समीर) हस्ठ्ठ पत्रकार ललिता मिश्रा, एविएशन ट्रेनर नेहा राजपूत, डॉक्टर प्रिंस सैनी, राजस्थान एविएशन एडमिन सीमा सैन, एडमिन अंकुर वर्मा, हर्षवर्धन, शहजाद शाह, मनोज सैनी, मनीष राजपूत, अजय यादव, दिनेश शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में कादरी ने सबका धन्यवाद व्यक्त किया।

# सोठाना में चोरी का खुलासा नहीं होने पर ग्रामीण फिर धरने पर बैठे

## पुलिस ने मांगा 5 दिन का समय, ग्रामीणों ने दी पुलिस थाना विराटनगर के घेराव की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** विधानसभा क्षेत्र के सोठाना गांव में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा तय समय पर नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर फूट पड़ा। ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी लगातार जारी है। चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कड़े शब्दों में कहा है कि घटनाओं का जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो विराटनगर थाने का घेरा होकर धरना प्रदर्शन और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पुलिस द्वारा 16 दिसंबर तक चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण पुनःसोठाना मोड़ पर धरने पर बैठ गए।ज्ञात रहे कि 5 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात चोरों ने शंकर लाल कुम्हार के घर पर धावा बोलते हुए पक्के बाड़े का ताला तोड़कर आठ बकरे व बकरी चोरी कर ली थी। पीड़ित के अनुसार बीते एक वर्ष में यह तीसरी घटना है, इससे पूर्व भी एक बार चोरी हो चुकी है तथा एक बार चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका।धरने की सूचना पर विराटनगर थाने के एसआई प्रकाश सिंह राठौर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। हालांकि समझाइश के बावजूद ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने चोरी के खुलासे के लिए 5 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों और समय पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भय व नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग किया के क्षेत्र में लगातार हो रही चोर गिरोह द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। जल्द चोरी की घटनाएं नहीं रुकी तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# वाहन 112 के ड्राइवर पर फायरिंग का एक आरोपी गिरफ्तार: दूसरा जेल में बंद

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई आरोपियों की पहचान

स्मार्ट हलचल| ब्यावर

बिजयनगर पुलिस ने 112 वाहन के ड्राइवर पर हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरे को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया जाएगा। एसपी ने बताया कि यह घटना 9 दिसंबर 2025 को रात्रि गश्त के दौरान हुई थी। बिजयनगर पुलिस थाने का वाहन 112 का ड्राइवर सीताराम बरल रोड स्थित पुलिया के पास पहुंचे थे। वहां अंधेरे में सड़क किनारे बैठे दो संदिग्ध व्यक्तियों ने पूछताछ करने पर ड्राइवर पर पिस्टलनुमा हथियार से फायरिंग कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए।



घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मामला तहत दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने घटनास्थल के आसपास और आने-जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान की गई और उनके संभावित ठिकानों पर दबिशें दी गईं। कार्रवाई के दौरान सूरज सिंह (25) पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी नाड़ी मोहल्ला, गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

इस मामले में दूसरा आरोपी सुरेन्द्र सिंह उर्फ ज्ञान सिंह है। वह पूर्व में भी पुलिस पर फायरिंग के एक अन्य मामले में फरार रहा था और अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उसे कारागृह से वारंट पर प्राप्त कर इस प्रकरण में आगे की जांच करेगी। पुलिस ने बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है। आरोपियों के नेटवर्क और हथियार की आपूर्ति से जुड़े पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है।

# पंचायत समिति व तहसील यथावत की मांग पर बाजार बंद

## हक की लड़ाई में एकजुट नगर फोर्ट तहसील क्षेत्रवासी — जब तक न्याय नहीं, तब तक संघर्ष जारी।



स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने एवं तहसील कार्यालय नगर फोर्ट को यथावत रखने की मांग को लेकर चल रहे आमरण अनशन को आज ग्रामीणों एवं व्यापार मंडल का व्यापक समर्थन मिला। समर्थन स्वरूप नगर फोर्ट में पूर्ण बाजार बंद रखा गया, जिससे जनआक्रोश और एकजुटता स्पष्ट दिखाई दी।ग्रामीण कचहरी चौक से जुलूस के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां जिम्मेदार अधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर लोगों में भारी रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से तहसीलदार अथवा एसडीओ को ही ज्ञापन सौंपने की मांग की और किसी अन्य अधिकारी को ज्ञापन देने से इनकार कर दिया।

अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर ग्रामीण तहसील कार्यालय के बाहर सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और ऐलान किया कि जब तक तहसीलदार स्वयं आकर ज्ञापन नहीं लेते, तब तक धरना जारी रहेगा। शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ आंदोलन के चलते नगर फोर्ट में प्रशासन के प्रति दबाव और जनसमर्थन दोनों साफ नजर आए।

# केंद्रीय प्रशासनिक न्यायालय जयपुर बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम घोषित

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण



स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायालय जयपुर बार एसोसिएशन के चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद बुधवार को निर्वाचित हुए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ,। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता शोभित व्यास, अधिवक्ता जय उपाध्याय और अधिवक्ता के. के. शर्मा ने बताया की चुनाव प्रक्रिया को एसोसिएशन के संविधान के अनुसार संपन्न कराया।

चुनाव में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन वर्ष 2025-26 के लिए किया गया हैः

अध्यक्ष - अमित नाथ माथुर, महासचिव - ब्रजेश कुमार जाटी, उपाध्यक्ष - आर.डी. मीणा, कोषाध्यक्ष - सतीश कुमार भार्गव, संयुक्त सचिव - आशीष दाधीच, सामाजिक सचिव - सौरभ जैन, कार्यकारिणी सदस्य - मनु भार्गव, विनोद गोयल, योगेश कुमार शर्मा, किन्शुक जैन, कपिल शर्मा, सारा परवीन, के.सी. मीणा। चुनाव अधिकारियों ने प्रमाणित किया है कि चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र, निष्पक्ष और एसोसिएशन के नियमों के अनुसार आयोजित किए गए। नव-निर्वाचित पदाधिकारी 2025-26 के कार्यकाल में एसोसिएशन की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे।

# परिंदों की रंगीन दुनिया से रूबरू करवायेगा जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026

## 31 जनवरी को कानोता कैंप रिसोर्ट में जुटेंगे सैकड़ों विद्यार्थी, शिक्षक और पर्यावरण विशेषज्ञ

स्मार्ट हलचल| जयपुर

प्रकृति, पक्षियों और जैव विविधता के संरक्षण का संदेश लेकर ग्रीन पीपल सोसायटी के जयपुर चैप्टर द्वारा जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का भव्य आयोजन शनिवार, 31 जनवरी 2026 को किया जा रहा है। यह रंगारंग और ज्ञानवर्धक आयोजन कानोता कैंप रिसोर्ट, जामडोली (जयपुर) में सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

फेस्टिवल संयोजक और ग्रीन पीपल सोसाइटी के उपाध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग एवं रिको द्वारा प्रायोजित




इस फेस्टिवल का आयोजन वन विभाग व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्रीन पीपल सोसायटी द्वारा लंबे समय से उदयपुर बर्ड फेस्टिवल जैसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आयोजनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रही है। जयपुर में आयोजित पहला बर्ड फेस्टिवल-2025 अत्यंत सफल रहा, और उसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए अब जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 आयोजित किया जा रहा है। इस फेस्टिवल में कक्षा आठवीं से 12वीं तक के लगभग 500 विद्यार्थी भाग लेंगे, जो विशेषज्ञों के सान्निध्य में पक्षियों की रहस्यमयी और रंगीन दुनिया को नजदीक से जानेंगे।

### सीखने का उत्सव :

यह फेस्टिवल विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा, जहां सीखना उत्सव का रूप लेगा। कार्यक्रम के दौरान बर्ड वॉचिंग सेशन, ड्रॉइंग व पेंटिंग प्रतियोगिताएं, क्विज, बर्ड फोटोग्राफी व फिलैटली प्रदर्शनी, तितली के जीवन चक्र का लाइव डेमो, विशेषज्ञों के साथ संवाद, तथा नेचुरल कलर्स से बर्ड टैटू पेंटिंग जैसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को बर्ड पहचान पुस्तिका, कार्डबोर्ड नेस्ट और फेस्टिवल किट भी प्रदान की जाएगी।

### वर्कशॉप का रहेगा आकर्षण :

फेस्टिवल को और अधिक सार्थक बनाने के लिए इस वर्ष दो विशेष वर्कशॉप भी आयोजित की जा रही हैं। पहली ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला होगी, जिसमें एनजीओ और स्कूलों से जुड़े लगभग 30 रिसोर्स पर्सन्स को 'अर्ली बर्ड' पहल के अंतर्गत युवाओं को बर्डिंग से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरी कार्यशाला उभरते लेखकों के लिए होगी, जिसमें पक्षियों और उनके आवास पर लेखन के गुर सिखाए जाएंगे। यह विशेष सत्र प्रख्यात पक्षी विशेषज्ञ और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के पूर्व निदेशक असद रहमानी द्वारा संचालित किया जाएगा। विक्रम सिंह बताते है कि जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 न केवल एक आयोजन है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने, पक्षियों के संरक्षण का संदेश देने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने की एक प्रेरक पहल है।

# भाजपा द्वारा श्वष्ठ व संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग करने के आरोप के खिलाफ में चांग गेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया

स्मार्ट हलचल




**ब्यावर।** भाजपा द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के विरुद्ध जो कार्रवाई जा रही थी उस के विरोध में आज ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में चांग गेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन चांग गेटगांधी सर्किल पर आयोजित हुआ।

जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्वष्ठ और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज़ दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस सत्य और संविधान की रक्षा के लिए हर संघर्ष को तैयार है।

पूर्व विधायक राकेश पारीक ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है।

भाजपा लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है। पूर्व विधायक हंगामी लाल मेवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज श्वष्ठ स्वतंत्र एजेंसी नहीं रही, बल्कि भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुकी है। यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की साख को खत्म कर भाजपा तानाशाही मानसिकता का परिचय दे रही है, जिसे कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी।वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि इडी की कार्रवाई कानून से परे है।

विपक्ष को डराने की यह कोशिश पूरी तरह विफल होगी। दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'आज देश में लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला हो रहा है। श्वष्ठ जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को फंसाने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता इस अन्याय के खिलाफ सड़क से संसद तक संघर्ष करेंगे और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करेंगे।' राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव भुवनेश शर्मा ने 'सत्यमेव जयते' के पोस्टर वितरित करते हुए कहा कि 'सत्य को दबाया नहीं जा सकता। राहुल गांधी सच की लड़ाई लड़ रहे हैं और युवा कांग्रेस उनके साथ खड़ी है।

'प्रदर्शन में पूर्व विधायक राकेश पारीक, हंगामी लाल मेवाड़ा, कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच, मनोज चौहान वरिष्ठ दिनेश शर्मा, मसूदा विधानसभा से वाजिद चिता खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका, बर सरपंच महेंद्र सिंह चौहान, जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह लौटीयाना, मसूदा ब्लॉक अध्यक्ष सलीम बाबू, राजेन्द्र ओस्तवाल, युवा नेता प्रवीण जैन, ब्यावर जिला सेवादल अध्यक्ष विक्रम सोनी, ब्यावर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष इशिका जैन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जयदीप रावत, ओबीसी जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, पर्यावरण संरक्षण जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, ताराचंद भट्ट, रासासिंह रावत जिला परिषद सदस्य, युवा नेता शैलेश शर्मा, एड रामस्वरूप सेवलिया, नगराज प्रधान गोपालदास महाराज, सालम काठात, इब्राहिम काठात, नजाब काठात, अली काठात, ब्यावर सेवादल अध्यक्ष मगन सोलंकी, डॉ अरविंद माथुर, पप्पू काठात लसाडिया, भगवान सिंह कड़ीवाल, सेवादल प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस राहुल सांखला, धनंजय गॉड, सुलक्षणा शर्मा, राजकुमारी तंवर, राधिका शर्मा, उर्मिला कांवरिया, पप्पू काठात करबला, मेघराज बोहरा, बाबूलाल पंवार, रामलाल लखन, अशोक मूंदड़ा, नि पार्षद राजेश शर्मा, राजेन्द्र तुनगरिया, मजीद कुरैशी, घनश्याम फुलवारी, भरत बंदीवाल, अशोक पंडित, हरि किशन गुर्जर पंचायत समिति सदस्य , राजेश सरपंच बिरौल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मनीष सांखला, मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, सिकंदर काठात, 'ₛ₦₵ जिलाध्यक्ष राम यादव, धर्मसिंह भाटी, बालूराम सेन, मनीष व्यास, चेतन भट्ट, कमलेश बोहरा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और श्वष्ठ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा चेतावनी दी गई कि यदि राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बंद नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आए हुए जिले से सभी कार्यकर्ताओं का अशोक रांका ने आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन पार्टी प्रवक्ता राजेन्द्र तुनगरिया ने किया।

## 60 करोड़ के कार्यों से बदलेगी बूंदी की तस्वीर, बिजली लाइनें होंगी अंडरग्राउंड

### हेरिटेज लुक, आमजन की सुविधा और पर्यटक सुविधाओं पर रहेगा विशेष जोर



स्मार्ट हलचल| बूंदी

छोटी काशी के नाम से मशहूर बूंदी शहर को इको फ्रेण्डली, ग्रीन स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि आमजन और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। शहर की सूरत संवारने और आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के तहत स्मार्ट सिटी परियोजना में 60 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बुधवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर प्रस्तावित कार्यों का खाका तैयार करवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

शहर के पुराने इलाकों को तारों के जंजाल से मुक्त करने के लिए जिला कलक्टर ने पहल की है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने शहर में बिजली के पोल हटाकर विद्युत लाइनों को भूमिगत किया जाएं। इससे न केवल शहर का स्वरूप निखरेगा, बल्कि संकरी गलियों में लोगों को आवाजाही में भी सुविधा मिलेगी।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर की ऐतिहासिक विरासत को भी सहेजा जाएगा। जिला कलक्टर ने तोपखाना स्कूल के जीर्णोद्धार, ऐतिहासिक दरवाजे व अन्य ऐतिहासिक इमारतों के जीर्णोद्धार के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन स्थलों को आकर्षक स्वरूप दिया जाए, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सकें। जिला कलक्टर ने बताया कि 60 करोड़ की लागत से होने वाले इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य शहर को बेहतर सुविधायुक्त और सुंदर बनाना हैं, ताकि आमजन को राहत मिले। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रस्तावित कार्यों में उन प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता दें, जिनसे शहर का 'लुक' अच्छा लगे और पर्यटकों को सुखद अनुभव मिले। नालियों का निर्माण व्यवस्थित तरीके से होगा ताकि जलभराव की समस्या न हो। आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। निरीक्षण के बाद इस सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की गयी। इस दौरान कोटा स्मार्ट सिटी की अधीक्षण अभियंता ज्योति रानी वर्मा, नगर परिषद आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा, अधिशाषी अभियंता एम.आर. मीणा, आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा, जेवीवीएनएल के अधिशाषी अभियंता आर. के. बैरवा आदि मौजूद रहें।

## पेंशनर दिवस समारोह मनाया



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा पुष्कर द्वारा बुधवार को प्रातः 11 बजे पेंशनर दिवस समारोह के रूप में होटल शुभम पैलेस में मनाया गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीकांत पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में डी एस नाकारा के जीवन एवं उनके द्वारा पेंशनर समाज के लिए किए गए अनुकरणीय कार्य के लिए सावित्री प्रसाद गौतम द्वारा प्रकाश डाला। सभी उपस्थित पेंशनर बंधुओं ने नाकारा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस समारोह में वरिष्ठ पेंशनर वैद्य बालकिशन जोशी, कन्हैया लाल काबरा, अर्जुन बाकोलिया को रामनिवास वशिष्ठ, गोपाल कृष्ण पाराशर, गजेन्द्र भाटी, गणेशीलाल कुमावत के माला एवं शाल के साथ श्रीनाथजी के सुंदर आकर्षक फोटो भेंट कर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम शंकर लाल कुमावत, सत्यनारायण जोशी, सत्यनारायण शर्मा, श्रीनिवास पाराशर, विष्णुकांत पाराशर, ईश्वर शर्मा, अशोक पाराशर, अशोक चंद शर्मा, पवन पाठक, लक्ष्मण गुर्जर, ज्ञानचंद सेन, राधेश्याम गहलोत, सत्यनारायण कुमावत, राधेश्याम गर्ग, कृपाशंकर पांडेय, राधेश्याम वैष्णव , श्रीमती प्रेमलता , श्रीमती कलावती, श्रीमती शांता पाराशर, एवं नवीन सदस्य मुकेश बाबू, शिवरतन सोनी की गरिमामई उपस्थिति रही।

अध्यक्ष श्रीकांत पाराशर ने बताया कि वर्तमान सरकार के रवैए की जानकारी देते हुए सभी की आगे आने वाले संघर्ष, आंदोलन के लिए तैयार रहने का आव्हान किया। अंत में संस्था सचिव गजेन्द्र भाटी के आभार प्रदर्शन किया।

## एनएसएस-एनसीसी विद्यार्थियों ने किया जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन

### प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को मिली योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी

### जिला स्तरीय प्रदर्शनी बनी युवाओं के लिए जानकारी का सशक्त माध्यम

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** 'नव उत्थान - नई पहचान, बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान' थीम पर आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने सनातन धर्म महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को प्रदर्शनी में लगाए गए विभागीय स्टॉल्स के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागीय प्रकाशनों का वितरण किया गया, जिन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, सामान्य ज्ञान एवं सामाजिक जागरूकता के लिए उपयोगी बताया गया। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी की उपयोगिता की सराहना करते हुए जन-जागरूकता के प्रसार में सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान विजिट इंचार्ज गुमान सिंह, जसवीर सिंह,जान्हवी शर्मा,संगीता मेहता, वीरेंद्र मीणा एवं लक्ष्मी नारायण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नकबजनी की घटना का खुलासा किया



स्मार्ट हलचल| बानसूर

हरसोंरा थाना पुलिस ने नकबजनी की घटना का खुलासा करते भारी मात्रा में चोरी के माल को बरामद किया हैं। डीएसपी मेगा गोयल ने बताया कि 22 नवंबर को गांव जयसिंहपुरा में रात्रि को सूबेदार कालूराम के घर चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीमों का गठन कर वारदात के मुख्य आरोपी प्रदीप गुर्जर, सचिन गुर्जर व आशीष गुर्जर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, पुलिस नें आरोपी प्रदीप गुर्जर के कब्जे से सोने के 2 मंगल सुत्र, 1 जोडी सोने के झुमके, 1 सोने की चैन, 1 सोने की नौज पिन, 1 सोने का कांटा व 5 जोडी चांदी की पायजेब, 6 जोडी चांदी की चुटकी, 5 चांदी की अंगुठी व 1 चांदी का सिक्का बरामद किया है तों वहीं आरोपी सचिन गुर्जर के कब्जे से 1 सोने की अंगुठी, 2 सोने के मंगलसुत्र, 1 जोडी सोने के झुमके, 2 नाक के सोने के कांटे तथा 5 जोडी चांदी की पायजेब, 6 जोडी चांदी की चुटकी व 6 चांदी की अंगुठी एवं आरोपी आशीष गुर्जर के कब्जे से 2 सोने के मंगलसुत्र, 1 जोडी सोने के झुमके, 2 सोने की नोज पिन व 5 जोडी चांदी की पायजेब, 5 जोडी चांदी की चुटकी व 6 चांदी की अंगुठी बरामद की हैं। चोरी की घटना का खुलासा करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।

## पेंशनर भवन के लिए भूखंड आवंटन की मांगः ब्यावर में 44वां पेंशनर दिवस मनाया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| ब्यावर




पेंशनर समाज की जिला शाखा ने बुधवार को अपना 44वां पेंशनर दिवस मनाया। यह समारोह एक गार्डन में आयोजित किया गया, जिसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट मुख्य अतिथि और जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और पेंशन प्रणेता स्वर्गीय डी. के. नकारा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पारंपरिक रूप से माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक मंत्री राजेंद्र बाड़मेर की टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

संस्था अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार ने अपने स्वागत भाषण में पेंशनरों के हितों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पेंशनर भवन के लिए भूखंड आवंटन की मांग रखी। साथ ही, आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनरों को दिए जाने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। पंवार ने पेंशनर सेवा सप्ताह के तहत की गई विभिन्न सेवाओं का भी उल्लेख किया। इनमें गोशाला में हरा चारा, कबूतरखाने में दाना और महावीर भोजन शाला में निःशुल्क भोजन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने पेंशनरों को अनुभवों का सागर बताया और उन्हें जीवन में आशावादी रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ब्रह्म लाल जाट ने पेंशनरों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए पेंशनर भवन के लिए शीघ्र भूमि आवंटन का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रशासन, चिकित्सा, सहकारिता, पत्रकारिता और समाजसेवा से जुड़े कई अतिथियों और भामाशाहों को सम्मानित किया गया। मनोरंजन कार्यक्रमों में नाजमीन बानो का एकल नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने दर्शकों की सराहना बटोरी। इसके अतिरिक्त, 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गीत की प्रस्तुति ने भी माहौल को खुशनुमा बनाया। स्टेज कार्यक्रम के बाद पेंशनरों के लिए कुर्सी रेस और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस समारोह में बड़ी संख्या में पेंशनर, उनके परिजन और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पेंशनर्स के हितों की अनदेखी के विरोध में ज्ञापन दिया

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान पेंशनर समाज ने जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन में पेंशनर समाज पर कुठाराघात करने के विरोध में प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

पेंशनर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा की अध्यक्षता, केन्द्रीय पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल ओझा, संरक्षक कालूराम जीनगर, वरिष्ठ नागरिक मंच के उपाध्यक्ष अमरकंठ उपाध्याय, पुलिस कल्याण संस्थान के अध्यक्ष लालसिंह भाटी, संरक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय के विशिष्ट आतिथ्य में पेंशनर समाज के लौह पुरूष डीएस नकारा को श्रद्धांजलि दी गई। नकारा ने लगातार 10 वर्षो तक पेंशनर्स को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया, जिससे 17 दिसम्बर 1982 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पेंशन दिये जाने का निर्णय पारित किया एवं विभिन्न वेतनमानों मे पेंशनर्स परिलाभों की बढ़ोतरी होती रही। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर पेंशनर्स द्वारा डीएस नकारा सहित प्रबोध चन्द्र शर्मा एवं दिवंगत सभी आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**चित्तौड़गढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की दिशा निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया की अध्यक्षता में भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ स्थानीय भाजपा कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि भाजपा द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी को हर बार झूठे तथ्य बताकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज करवा कर उन्हें फंसाया जा रहा है, हर बार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सिसोदिया ने कहा कि कोर्ट ने केंद्र की मोदी सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि ईडी की कार्रवाई अवैध व गैर कानूनी है, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की छवि को खराब किया जा रहा है, वह बिल्कुल बेदाग हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस और गांधी परिवार को झूठे आरोपों में फंसाने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन कोर्ट ने केस का संज्ञान तक नहीं लिया।

## जरुरतंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**बेगूं।** क्षेत्र के संस्कृत विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को भामाशाह के सहयोग से स्वेटर व टोपे का वितरण किया गया। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बस्सी के अध्यापक सत्यनारायण गुर्जर व मयूर ध्वज सिंह के विशेष सहयोग से राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बस्सी के अधीन उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों धावड़ा कुड़ी, बेगूं, जोधा पटेल की खेड़ी व पारसोली में बच्चों के लिए स्वेटर और टोपे का वितरण किया गया। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बस्सी के प्रधानाध्यापक निर्भय सिंह चुंडावत, सत्यनारायण, कालूलाल, धावड़ा कुड़ी के संस्था प्रधान मोहन सिंह व बलराम माली उपस्थित रहे।

# पूंजीवादी-सामंती सोच का परिणाम हैं ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे : रामपाल जाट

### 30 दिसंबर 2025 को जयपुर में जुटेंगे 50 हजार किसान प्रतिनिधि

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे पूंजीवादी एवं सामंती सोच का परिणाम हैं, जिनके माध्यम से सरकार किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि छीनने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश भारत में खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से सिंचित एवं बहुफसली भूमि का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन इसके विपरीत सरकार भूमि अधिग्रहण को बढ़ावा दे रही है, जिससे किसान आक्रोशित हैं। रामपाल जाट ने बताया कि राजस्थान बजट 2025-26 में राज्य में नौ एक्सप्रेस-वे बनाने की घोषणा की गई थी, जिनमें से भरतपुर-ब्यावर एवं कोटपूतली-किशनगढ़ एक्सप्रेस-वे का कार्य आरंभ होने की स्थिति में है। वर्ष 2014 में भूमि अधिग्रहण कानून में सिंचित व बहुफसली भूमि के अधिग्रहण पर रोक का प्रावधान किया गया था, लेकिन धारा 10 में परंतुक जोड़कर ऐसे अधिग्रहण का मार्ग प्रशस्त कर दिया गया, जो किसान हितों के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि किसानों की मूल मांगें–खेत को पानी, फसल को दाम और युवाओं को काम–के लिए किसान-केंद्रित राजनीति एवं ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से किसान महापंचायत द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को 'अन्नदाता हुंकार रैली' प्रस्तावित थी, जिसमें राजस्थान के 45,539 गांवों से औसतन एक-एक प्रतिनिधि के शामिल होने की तैयारी थी। सरकार से 3 अक्टूबर को हुई वार्ता में सकारात्मक आश्वासन मिलने पर यह रैली स्थगित कर दी गई, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण 26 अक्टूबर को प्रस्ताव पारित कर 30 दिसंबर 2025 को जयपुर में 'अन्नदाता हुंकार रैली' के आयोजन का निर्णय लिया गया।

इसके क्रम में 17 नवंबर को शहीद स्मारक जयपुर एवं जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना आयोजित कर सरकार को चेतावनी दी गई। इसके बावजूद जब सरकार ने कृषि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई तो किसानों को यह 'कटे घाव पर नमक छिड़कने' जैसा प्रतीत हुआ। रामपाल जाट ने कहा कि जिस प्रकार राम के वनवास का समाचार भरत को असहनीय पीड़ा देता है, उसी प्रकार किसान आज गहरे दुख और आक्रोश से घिरा हुआ है।

किसान महापंचायत ने कोटपूतली-किशनगढ़ सहित राजस्थान में प्रस्तावित नौ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे निरस्त करने की मांग करते हुए संकल्प लिया है– 'जान दे देंगे, लेकिन इस प्रकार की सड़क के लिए जमीन नहीं देंगे।' इस संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पनियाला मोड़ (कोटपूतली) से किशनगढ़ (अजमेर) तक 'तिरंगा चेतना यात्रा' निकालने का निर्णय लिया गया है। इस यात्रा के संयोजक किसान महापंचायत राजस्थान के मीडिया प्रभारी सुरेश बिजारणियां होंगे। यात्रा के लिए समिति एवं मार्गदर्शक मंडल का गठन किया जाएगा तथा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के किसान राष्ट्रीय तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व करेंगे।

रामपाल जाट का 16 से 19 दिसंबर तक चार दिवसीय राजस्थान प्रवास चल रहा है। इस दौरान 16 दिसंबर को दूदू एवं किशनगढ़ में कार्यकर्ता बैठकें हुईं। अजमेर जिले के काजीपुरा व मंगलियावास गांवों में संपर्क कर किसानों से 30 दिसंबर को जयपुर पहुंचने का आह्वान किया गया। इस दौरान अजमेर जिला अध्यक्ष प्रहलाद खुरडिया, उपाध्यक्ष सुवालाल रावत तथा जिला सचिव छोटूलाल जाखड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रवास के दौरान प्रदेश महामंत्री जगदीश नारायण खुडियाला, प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बेरवा तथा मोजमाबाद तहसील संयोजक बजरंग लाल जाजुंदा साथ रहे। ब्यावर के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश पटवारी, नैनूसिंह चौहान, महेंद्र सेमला, महेंद्र सिंह लालपुरा, गिरधारी सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह रावत एवं विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

## सुशील चौधरी को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

### कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल| हरसौर




विशिष्ट उपलब्धियों और समाज में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए ग्राम नेतियास निवासी सुशील चौधरी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में आयोजित हुए समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में फिल्म अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल

समेत देश की विभिन्न नामचीन बॉलीवुड, राजनैतिक व ब्यूरोक्रेट्स हस्तियों ने शिरकत की। चौधरी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है और समाजहित में निरंतर सेवा देकर एक मिसाल कायम की है। इसी योगदान को ध्यान में रखते हुए अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए मानद डॉक्टरेट समिति ने इस 'मानद डॉक्टरेट उपाधि' के लिए चौधरी को नामांकित किया गया। यह राष्ट्रीय समारोह अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन संस्था द्वारा आर्गनाइज किया गया। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन व लोकसभा भवन कार्यवाही को देखा

## वरिष्ट जनो ने जाना कैसे होता लोकसभा भवन में कार्य, अखिल ब्राह्मण महासभा के सदस्यो ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष बिरला से की शिष्टाचार भेंट

स्मार्ट हलचल| कोटा/दिल्ली

अखिल ब्राह्मण महासभा महासभा के सदस्यों ने दिल्ली भ्रमण कर लोकसभा की कार्यवाही को जाना, कैसे लोकसभा में कार्य संचालित होता है। सम्भागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि 60 सदस्यों ने राजस्थान के गौरव कोटा की शान लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला से शिष्टाचार भेंट की और प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति भवन,नेशनल वार मेमोरियल ,इंडिया गेट तथा 'भारत मंडपम' को देखा।

अध्यक्ष लहरीशंकर गौत्तम ने बताया कि सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट और उनका राजस्थानी परम्परा स्वागत कर स्मृति चिंह भेंट किया। महामंत्री नंदकिशोर शर्मा एवं नरेश पालीवाल ने बताया कि ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से प्रातः9 बजे मुलाकात के उपरान्त 11 से 02 बजे तक लोकसभा भवन की कार्यवाही को देखा। उपाध्यक्ष सूरजलता शर्मा ने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में राष्ट्रपति के सरकारी आवास राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल



'गणतंत्र मंडप' और अशोक हॉल को 'अशोक मंडप' को देखा सदस्यों ने 'मुगल गार्डन' जाकर रंग बिरंगे फूलों को निहारा। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम, एडवोकेट एम.एम. शर्मा, गोपाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष,महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद पालीवाल, वैद्य रघुनंदन शर्मा,माया शर्मा सचिव ,उर्मिला गौतम उपाध्यक्ष, सूरज लता शर्मा उपाध्यक्ष , सावित्री गौतम संगठन मंत्री , रेखा पालीवाल संगठन मंत्री , लेखा दुबे ,अशोक शर्मा , योगेन्द्र दिक्षित, राजेंद्र मोहन, सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा सहित 60 सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम सूत्रधार लहरी शंकर गौत्तम व रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि 60 सदस्यों का लोकसभा का भ्रमण बहुत रोचक व जानकारी पूर्ण रहा। लोकसभा में होने वाली कार्यवाही के साथ वहां पक्ष-विपक्ष , पत्रकारों, सांसद के संसदीय क्षेत्र से आने वाले प्रतिनिधियों आदि के अतिथियों के बैठने आदि की जानकारी भी मिली। संसद भवन का भ्रमण कर महिला सदस्य काफी रोमांचित और प्रफुल्लित दिखा। इस भ्रमण मे देखा कि नया संसद भवन पूरी हाईटेक सुविधाओं से लैस है। संसद के हर अहम कामकाज के लिए अलग-अलग ऑफिस तैयार किए गए हैं। नए संसद भवन में कुल 120 ऑफिस हैं।

# गोल्ड मेडलिस्ट मोनिका मेघवाल का सम्मान किया



स्मार्ट हलचल| बानसूर

मेघवाल महासभा द्वारा बुधवार को गोल्ड मेडलिस्ट मोनिका मेघवाल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मेघवाल समाज के लोगों ने गोल्ड मेडलिस्ट मोनिका मेघवाल, उनके पिता मनोज मेघवाल व कोच रामरतन का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया एवं लड्डू खिलाकर बधाई दी। आपको बता दे की हाल ही में मोनिका मेघवाल ने डॉ.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा (उत्तरप्रदेश) द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप 2025-26 में महिला वर्ग में 10 किलोमीटर लंबी दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता हैं। इस दौरान मनोज जूली, संजय डूमोलिया, कैलाश डूमोलिया, प्रमोद सिरोहीवाल, महेंद्र शास्त्री, भूपसिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# नगर पालिका ने सड़क सीमा से हटाया अतिक्रमण, नालियों की सफाई हुई



स्मार्ट हलचल| सूरौठ

नगर पालिका टीम ने बुधवार को शहर में भरतपुर गंगापुर स्टेट मेगा हाईवे पर सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाया एवं नालियों की जेसीबी से सफाई करवाई। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी रीना खंडेलवाल, जेईएन टीना शर्मा, सफाई निरीक्षक खेमराज मीणा सहित काफी सफाई कर्मचारी जेसीबी एवं कई ट्रैक्टर ट्रालियों को लेकर लेकर गंगापुर-भरतपुर स्टेट मेगा हाइवे पर पहूंचे तथा सड़क सीमा व नालियों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। नगर पालिका टीम ने बंद पडी नालियों की जेसीबी से सफाई करवाई। नालियों से निकले मलबे को टैक्टर ट्रोलियों में भरकर आबादी क्षेत्र से बाहर डलवाया। अधिशासी अधिकारी रीना खंडेलवाल ने बताया कि सड़कों पर जल भराव एवं जाम की समस्या का समाधान करवाने के लिए अतिक्रमण हटाओ एवं सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

# मेड़तवाल समाज का 'जीवन साथी परिचय सम्मेलन' 27-28 को इंदौर में

## अ.भा. परिचय सम्मेलन के लिये देशभर से 1150 युवक-युवतियों का पंजीयन, तैयारियां अंतिम चरण में

स्मार्ट हलचल| कोटा

अखिल भारतीय मेड़तवाल (वैश्य) समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 27 व 28 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होगा। श्री मेडतवाल वैश्य समाज, इंदौर के अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता व महामंत्री लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल ने बताया कि श्री मेड़तवाल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में छोटा बांगड़दा रोड, एयरपोर्ट के पास बाबाश्री गार्डन में स्व. इंद्रदेव आर्य परिसर में बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय विराट परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 27 दिसंबर को प्रातः 8:30 बजे किया जायेगा। आयोजन समिति के संयोजक गोपाल भगत ने बताया कि परिचय सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों के लिये आवास, मंच, भोजन, यातायात, सुरक्षा, स्मारिका एवं पूछताछ समिति आदि की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की गई। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को समाज के मांगलिक भवन एवं बाबाश्री गार्डन में ठहराने की व्यवस्था भी की गई है।

श्री मेड़तवाल सोशल ग्रुप के महामंत्री एडवोकेट जगदीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के गांव, कस्बों व शहरों में व्यवसाय करने वाले समाज के परिवारों के अतिरिक्त मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, सूरत, बैंगलूरू, पुणे, गुरूग्राम, जयपुर, भोपाल, कोटा व इंदौर आदि शहरों में स्टार्टअप बिजनेस, उच्च शिक्षा या जॉब करने वाले सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ भाग लेंगे। विदेशों में जॉब कर रहे समाज के युवक-युवती भी इस सम्मेलन में पहुंच रहे हैं।

परिचय स्मारिका के संयोजक आर.एस.गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन में अब तक 1150 युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। इस आयोजन में एक विशेष मेल-मिलाप समिति बनाई गई है जिसके सदस्य दोनों पक्षों के बीच परस्पर संवाद करवाने में मदद करेंगे। 22 दिसंबर से 'जीवन साथी परिचय स्मारिका' वितरित कर दी जायेगी, जिससे बायोडेटा देखकर प्रतिभागी उम्र, शिक्षा, गौत्र, व्यवसाय, जॉब, वार्षिक आय आदि का आंकलन कर उपयुक्त जीवन साथी चुन सकेंगे।

### समाज में ही रिश्ता करने को प्राथमिकता

मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज प्रन्यास, खैराबाद के निर्वाचित अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोडिया, राष्ट्रीय महामंत्री पुरूषोत्तम घाटिया एवं समिति के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु प्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि जीवन साथी परिचय सम्मेलन, इंदौर से समाज में गांव, कस्बों व शहरों में अच्छा व्यवसाय करने वाले परिवारों एवं जॉब करने वाले युवक-युवतियों को एक बड़ा मंच मिलेगा, जहां वे अपना परिचय देकर मनपसंद जीवन साथी का चयन कर सकेंगे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के रिश्ते समाज में ही करने की अपील की है।

समाज के प्रन्यास के निर्वाचित ट्रस्टी श्यामसुंदर सिंगी, विष्णुप्रसाद करोड़िया चाय वाले एवं हरिनारायण मुंजे ने कहा कि लंबे समय बाद इंदौर में आयोजित विराट दो दिवसीय परिचय सम्मेलन को लेकर समाज के अविवाहित युवाओं में जबर्दस्त उत्साह है। समाज के युवा बिजनेस में तेजी से आगे बढ रहे हैं। कई परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटी, लॉ, सीए, प्रशासनिक व सरकारी सेवाओं में उच्च पदों पर जॉब करते हुये समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। अ.भा.नवयुवक संघ के अध्यक्ष सागर गोलू भंडारी एवं श्री फलौदी महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता गुप्ता ने सभी विवाह योग्य युवक-युवतियों से अपील की कि वे इंदौर परिचय सम्मेलन में पहुंचकर समाज में ही जीवन साथी चुनने को प्राथमिकता दें।

# 5 हजार रूपए का इनामी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| बानसूर



जिला स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 हजार रूपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया हैं। डीएसटी प्रभारी अंकित कुमार सांमरिया ने बताया कि टीम ने वांछित इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 5 हजार रूपए के इनामी अपराधी पृथ्वी खाड़िया निवासी वीर खाना मौहल्ला बानसूर को गिरफ्तार किया हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। डीएसटी की टीम ने आरोपी को दस्तयाब कर बानसूर थाना पुलिस को सुपुर्द किया हैं।

# राजगढ़ः शराब ठेके पर फायरिंग मामले में एक और सह-आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर।** कस्बे के सांखू फाटक स्थित शराब ठेके पर दहशत फैलाने और हिस्सेदारी हासिल करने के इरादे से की गई फायरिंग के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने वारदात में मुख्य आरोपियों की मदद करने वाले सह-आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

### क्या है पूरा मामला?

9 अक्टूबर 2025 को राजगढ़ के सांखू फाटक स्थित शराब ठेके पर दो अज्ञात बदमाशों ने सेल्समैन पर फायरिंग की थी। इस हमले का मुख्य उद्देश्य ठेके में जबरन हिस्सेदारी वसूलना और क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करना था। घटना के बाद पुलिस थाना राजगढ़ में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल चारण और सहायक पुलिस अधीक्षक अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर संदीप कुमार (निवासीः सुभाष नगर, राजगढ़) को दबोच लिया।

विशेष नोटः इस मामले में पुलिस पहले ही चार अन्य सह-अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब गिरफ्तार संदीप से मुख्य शूटरों और वारदात की साजिश के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

गिरफ्तारी अभियान में थानाधिकारी राजेश कुमार, उप-निरीक्षक सुरेश कुमार यादव, कांस्टेबल संदीप कुमार, सुरेश कुमार और राहुल की मुख्य भूमिका रही।

# विंटर वंडरलैंड 2025: क्रिसमस के उल्लास संग शिक्षा का सशक्त संदेश

## राउंड टेबल इंडिया द्वारा भव्य पोस्टर लॉन्च, 22-23 दिसंबर को सिटी पार्क में आयोजन

स्मार्ट हलचल| कोटा

राउंड टेबल इंडिया द्वारा आयोजित किए जाने वाले बहुप्रतीक्षित सामाजिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'विंटर वंडरलैंड 2025' का भव्य पोस्टर रविवार को लॉन्च किया गया। यह आयोजन 22 एवं 23 दिसंबर को सिटी पार्क, कोटा में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक ओरिलाइट लाइफ स्पेसेस रहेंगे।

पोस्टर विमोचन अवसर पर प्रेम भाटिया, विवेक राजवंशी, एरिया चेयरमैन धर्मवीर पाण्डेय,एरिया सर्केट्री किंशुक जैन, चेयरमैन रोहिताब सोनी,सचिव निखिल अग्रवाल,कोषाध्यक्ष शुभदीप शर्मा,उपाध्यक्ष मुकुल जैन सहित राउंड टेबल इंडिया के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर चेयरमैन रोहिताब सोनी ने घोषणा की कि विंटर वंडरलैंड 2025 से प्राप्त होने वाली संपूर्ण धनराशि का उपयोग महावीर नगर गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए कक्षा-कक्षों एवं टॉयलेट रूम के निर्माण हेतु किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'राउंड टेबल इंडिया शिक्षा के माध्यम से समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। 'विंटर वंडरलैंड 2025 न केवल क्रिसमस के उल्लास को साझा करेगा, बल्कि वंचित बालिकाओं की शिक्षा एवं बेहतर



सुविधाओं के लिए एक मजबूत कदम साबित होगा।

### कार्यक्रम के विशेष आकर्षण

कार्यक्रम के सचिव निखिल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शुभदीप शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विंटर वंडरलैंड में बच्चों, महिलाओं एवं बड़ों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। देश के विभिन्न कोनों से 18 से अधिक प्रसिद्ध कलाकार बच्चों के मनोरंजन एवं फन-एक्टिविटीज़ के लिए कोटा आएंगे। कार्यक्रम में मैजिशियन, बबल आर्टिस्ट, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित 'बुल ऑफ आर्टिस्ट', बैंड परफॉर्मेंस, बैले डांसर्स, रूसी कलाकारों की भव्य परेड, साथ ही बच्चों के लिए सांता क्लॉज़ विशेष आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा रंगीन क्रिसमस मार्केट, खेल-कूद गतिविधियाँ एवं शानदार लाइव प्रस्तुतियाँ भी दर्शकों को आकर्षित करेंगी।

### समर्थन और शुभकामनाएं

पोस्टर विमोचन समारोह में ओरिलाइट लाइफ स्पेसेस प्रांजल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के बेहतरी के लिए किए गए कार्यो में सहयोगी बनना पुण्य अर्जन के समाज है यह देश निर्माण का कार्य है। प्रेम भाटिया ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आयोजन टीम को शुभकामनाएँ दीं।विवेक राजवंशी ने कहा कि युवा समाजसेवा के कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जो 'बदलते भारत की सकारात्मक तस्वीर' प्रस्तुत करता है।डा.सौरभ शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे ये प्रयास समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ओरिलाइट लाइफ स्पेसेस से ध्रुवी तथा सूर्या होटल्स से अन्वेषा एवं सूर्या ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### टीम का योगदान

राउंड टेबल इंडिया की टीम के मुकुल, अंकित, जसकरण, राघव, शौर्य, सिद्धार्थ, अनंत, राहुल, अंशुल, प्रांशुल एवं निखिल ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# फिल्म 'धुरंधर' : कोई पूर्ण नायक नहीं, कोई संपूर्ण खलनायक नहीं, हर किरदार अपने तर्क के साथ खड़ा



शाश्वत तिवारी

(स्वतंत्र पत्रकार - सिनेमा, राजनीति और सामाजिक विमर्श पर लेखन)

**'धुरंधर' हर किसी के लिए बनी फिल्म नहीं है। यह उन दर्शकों के लिए है जो सिनेमा को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संवाद मानते हैं। यह फिल्म असहज करती है, परेशान करती है, और शायद इसी कारण जरूरी भी है।**

**निर्देशन, संगीत, लोकेशन और अभिनय, हर स्तर पर 'धुरंधर' एक परिपक्व और साहसी प्रयास है। यह फिल्म हमें आईना दिखाती है, और आईने में दिखता चेहरा हमेशा सुंदर हो, यह जरूरी नहीं।**

**अंततः, 'धुरंधर' एक ऐसी फिल्म है जो खत्म होने के बाद भी खत्म नहीं होती। वह दर्शक के भीतर चलती रहती है। एक सवाल की तरह, एक बेचैनी की तरह, और शायद एक चेतावनी की तरह भी।**

स्मार्ट हलचल

हिंदी सिनेमा के मौजूदा दौर में, जब अधिकांश फिल्में या तो त्वरित मनोरंजन की खपत बनकर रह जाती हैं या फिर बड़े बजट के शोर में अपनी आत्मा खो देती हैं, 'धुरंधर' एक ऐसी फिल्म के रूप में सामने आती है जो दर्शक से सिर्फ तालियाँ नहीं, बल्कि सोच, असहजता और आत्ममंथन भी मांगती है। यह फिल्म अपने नाम की तरह ही धूर्त, चतुर और रणनीतिक है। कहानी के स्तर पर भी और प्रस्तुति के स्तर पर भी।

'धुरंधर' केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक राजनीतिक-सामाजिक टिप्पणी है, जो सत्ता, नैतिकता, अवसरवाद और मानवीय कमजोरियों को सिनेमा की भाषा में अनावृत्त करती है। यह समीक्षा फिल्म के संगीत, निर्देशन, लोकेशन, सिनेमैटोग्राफी और किरदारों के बहाने उस समूचे वैचारिक ढांचे की पड़ताल करती है, जिसे 'धुरंधर' बड़ी निर्भीकता से हमारे सामने रखती है।

'धुरंधर' की कहानी पहली नज़र में जितनी सीधी दिखाई देती है, असल में उतनी ही परतदार है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत यही है कि यह दर्शक को तुरंत अपने पत्ते नहीं खोलती। कथा धीरे-धीरे आगे बढ़ती है, किरदारों के साथ-साथ दर्शक की समझ भी विकसित होती है।

यह कहानी व्यक्ति बनाम व्यवस्था की नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर पल रही व्यवस्था की कहानी है। हर पात्र किसी न किसी स्तर पर धुरंधर है। कोई सत्ता के खेल में, कोई भावनाओं के, कोई रिश्तों के और कोई नैतिकता के साथ। फिल्म यह सवाल उठाती है कि क्या धुरंधर होना एक मजबूरी है, या यह हमारे समय की सबसे बड़ी बीमारी बन चुका है?

कथानक में कहीं भी अनावश्यक मेलोड्रामा नहीं है। संवाद कम हैं, लेकिन अर्थपूर्ण हैं, कई बार खामोशी संवादों पर भारी पड़ती है। और यही 'धुरंधर' की सबसे सशक्त सिनेमाई उपलब्धि है।

फिल्म निर्देशक, आदित्य धर ने ही इस फिल्म की कहानी और पटकथा लिखी है। अतिरिक्त पटकथा लेखन में ओजस गौतम और शिवकुमार वी0 पणिक्कर भी शामिल हैं। आदित्य धर ने 'धुरंधर' को महज़ कहानी कहने की कवायद नहीं बनने दिया। निर्देशन में स्पष्ट वैचारिक हस्तक्षेप दिखाई देता है। हर फ्रेम, हर मूवमेंट और हर कट एक उद्देश्य के साथ रखा गया है।

लेखन और निर्देशन का यह संयोजन फिल्म को एक सुसंगत दृष्टि देता है। पटकथा में अनावश्यक व्याख्या से बचते हुए निर्देशक ने दृश्यात्मक भाषा पर भरोसा किया है। यही कारण है कि कई अहम मोड़ संवादों से नहीं, बल्कि दृश्य-संरचना से पैदा होते हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है निर्देशक का यह साहस कि उन्होंने फिल्म को ग्रे शेड्स में जीने दिया। यहां कोई पूर्ण नायक नहीं, कोई संपूर्ण खलनायक नहीं। हर किरदार अपने तर्क के साथ खड़ा है, और यही बात फिल्म को यथार्थ के सबसे करीब ले जाती है।

निर्देशन की एक और बड़ी उपलब्धि है फिल्म की रिदम। साढ़े तीन घंटे की फिल्म कहीं भी बोझिल नहीं लगती। कथा की गति दर्शक की सांसों के साथ चलती है, कहीं तेज, कहीं ठहरी हुई।

निर्देशक ने 'धुरंधर' को महज़ कहानी कहने की कवायद नहीं बनने दिया। निर्देशन में स्पष्ट वैचारिक हस्तक्षेप दिखाई देता है। हर फ्रेम, हर मूवमेंट और हर कट, एक उद्देश्य के साथ रखा गया है। फिल्म का निर्देशन, दर्शक को निर्देशित नहीं करता, बल्कि उसे साक्षी बनाता है। निर्देशक ने कहीं भी उपदेश देने की जल्दबाज़ी नहीं दिखाई। पात्रों के निर्णय, उनकी गलतियां और उनके अंत, सब कुछ दर्शक के विवेक पर छोड़ दिया गया है।

फिल्म के संगीतकार शाश्वत सचदेव एक भारतीय संगीतकार और उद्यमी हैं। फिल्म उरीः 'द सर्जिकल स्ट्राइक ', में उनके संगीत के लिए 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पृष्ठभूमि संगीत का पुरस्कार मिला, उन्होंने सर्वश्रेष्ठ नई और उभरती प्रतिभा के लिए 65वां फिल्मफेयर आर.डी. बर्मन पुरस्कार भी जीता हैं।

आज के समय में जब फिल्मी संगीत अक्सर प्रमोशनल टूल बनकर रह गया है, 'धुरंधर' का संगीत एक आंतरिक अनुभव की तरह सामने आता है। यहां गाने कहानी को रोकते नहीं, बल्कि उसे आगे बढ़ाते हैं, या कई बार उसे और गहरा बना देते हैं। बैकग्राउंड स्कोर फिल्म की आत्मा है। यह स्कोर दर्शक को बताता नहीं कि क्या महसूस करना है, बल्कि माहौल रच देता है जिसमें भावनाएं स्वतः जन्म लेती हैं। खासकर तनावपूर्ण दृश्यों में संगीत का न्यूनतम प्रयोग एक गहरी बेचैनी पैदा करता है।

गीतों के बोल साधारण नहीं, बल्कि दार्शनिक संकेतों से भरे हुए हैं। ये गीत किसी किरदार की मनःस्थिति को प्रतिबिंबित करते हैं, न कि केवल दृश्य को सजाते हैं। संगीतकार ने यहां संयम को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया है, और यही संयम फिल्म को विशिष्ट बनाता है। आज के समय में जब फिल्मी संगीत अक्सर प्रमोशनल टूल बनकर रह गया है, 'धुरंधर' का संगीत एक आंतरिक अनुभव की तरह सामने आता है। यहां गाने कहानी को रोकते नहीं, बल्कि उसे आगे बढ़ाते हैं, या कई बार उसे और गहरा बना देते हैं।

बैकग्राउंड स्कोर फिल्म की आत्मा है। यह स्कोर दर्शक को बताता नहीं कि क्या महसूस करना है, बल्कि माहौल रच देता है जिसमें भावनाएं स्वतः जन्म लेती हैं। खासकर तनावपूर्ण दृश्यों में संगीत का न्यूनतम प्रयोग एक गहरी बेचैनी पैदा करता है।

गीतों के बोल साधारण नहीं, बल्कि दार्शनिक संकेतों से भरे हुए हैं। ये गीत किसी किरदार की मनःस्थिति को प्रतिबिंबित करते हैं, न कि केवल दृश्य को सजाते हैं। संगीतकार ने यहां संयम को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया है, और यही संयम फिल्म को विशिष्ट बनाता है।

फिल्म का पहला दृश्य किसी भव्य स्थापना की बजाय एक सधे हुए, लगभग बेरंग वातावरण में खुलता है। आदित्य धर यहां दर्शक को तुरंत संकेत दे देते हैं कि यह कहानी नायक-पूजा नहीं, बल्कि सत्ता के मनोविज्ञान की पड़ताल है। कैमरा स्थिर है, फ्रेम्स संकरे हैं और खामोशी असहज, यह सन्नाटा आगे आने वाले नैतिक द्वंद्वों की भूमिका बनाता है। फिल्म में मुख्य किरदार का प्रवेश बिना किसी सिनेमाई शोर के होता है। न कोई ऊंचा संगीत, न स्लो-मोशन। यही सादगी दर्शक को भ्रम में रखती है। कैमरा बार-बार उसकी आंखों पर टिकता है, मानो पूछ रहा हो, यह व्यक्ति क्या है, और क्या बन सकता है?

यह दृश्य फिल्म का वैचारिक टर्निंग पॉइंट है। यहां सिद्धांत पहली बार सुविधा से टकराते हैं। आदित्य धर इस सीन को लंबे टेक में रखते हैं, ताकि दर्शक किरदार की बेचैनी से भाग न सके। बैकग्राउंड में शाश्वत सचदेव का न्यूनतम स्कोर इस आंतरिक संघर्ष को और गाढ़ा कर देता है।

इंटरवल से ठीक पहले फिल्म का स्वर बदलता है। फ्रेम्स भारी हो जाते हैं, रंग गहरे। यह सत्ता के आगमन का संकेत है। जो बाहर से आकर्षक, भीतर से खोखली है।

मध्यांतर के बाद नायक के चारों ओर भीड़ है, लेकिन भावनात्मक स्तर पर वह अकेला है। बड़े कमरों, ऊंची कुर्सियों और लंबे गलियारों के बीच किरदार छोटा होता चला जाता है। यह दृश्य भाषा सत्ता की कीमत को उजागर करती है।

जैसे-जैसे फिल्म अंत की ओर बढ़ती है, संवाद कम होते जाते हैं। यहां शाश्वत सचदेव का बैकग्राउंड स्कोर लगभग विलीन हो जाता है, और सन्नाटा बोलने लगता है। यह धुरंधर की आंतरिक हार का संकेत है।

फिल्म का अंत किसी निष्कर्ष के साथ नहीं, बल्कि एक प्रश्न के साथ होता है। कैमरा धीरे-धीरे पीछे हटता है, मानो दर्शक से कह रहा हो, यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती, यह समाज में जारी है। 'धुरंधर' की सिनेमैटोग्राफी फिल्म की कहानी जितनी ही सशक्त है। कैमरा केवल दृश्य दर्ज नहीं करता, बल्कि भावनाओं और सत्ता समीकरणों को भी कैद करता है।

लोकेशन का चयन अत्यंत सोच-समझकर किया गया है। शहर के संकरे गलियारों से लेकर खुली, वीरान जगहों तक, हर स्थान अपने आप में एक प्रतीक है। सत्ता के दृश्य अक्सर बंद, भारी और दमघोंटू स्पेस में दिखाए गए हैं, जबकि आत्मसंघर्ष के पल खुले लेकिन सूने फ्रेम्स में।

लाइटिंग का प्रयोग उल्लेखनीय है। कई दृश्यों में आधा चेहरा अंधेरे में डूबा रहता है। मानो किरदार का एक हिस्सा अभी भी छिपा हुआ हो। यह दृश्यात्मक भाषा फिल्म के नैरेटिव को और मजबूत करती है।ल

'धुरंधर' के किरदार किसी स्क्रिप्ट के मोहरे नहीं लगते, बल्कि जीते-जागते मनुष्य प्रतीत होते हैं। हर पात्र की अपनी मजबूरी है, अपनी महत्वाकांक्षा है और अपनी सीमा भी।

मुख्य किरदार का अभिनय फिल्म की रीढ़ है। अभिनेता ने संवादों से ज्यादा आंखों और देहभाषा से काम लिया है। कई दृश्यों में उसकी खामोशी, उसके लंबे पॉज़, दर्शक को असहज कर देते हैं, और यही उस अभिनय की सफलता है।

सहायक कलाकारों ने भी फिल्म को मजबूती दी है। कोई भी किरदार गैर-ज़रूरी नहीं लगता। महिला पात्रों को भी फिल्म में केवल भावनात्मक सहारा बनाकर नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता के साथ प्रस्तुत किया गया है, जो हिंदी सिनेमा में अब भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

'धुरंधर' के संवाद त्वरित तालियों के लिए नहीं लिखे गए। ये संवाद धीरे-धीरे असर करते हैं, और कई बार फिल्म खत्म होने के बाद भी दिमाग में गूंजते रहते हैं। संवादों में भाषाई आडंबर नहीं है। यह भाषा आम है, लेकिन अर्थ असाधारण। कई संवाद सत्ता, नैतिकता और समाज पर तीखे प्रश्नचिह्न लगाते हैं, बिना किसी नारेबाज़ी के।

एक समीक्षक के रूप में 'धुरंधर' हमारे समय की सबसे बड़ी सच्चाई को उजागर करती है, कि आज का मनुष्य अक्सर हालात से नहीं, अपनी महत्वाकांक्षाओं से हारा हुआ है। यह फिल्म बताती है कि धुरंधर होना कभी-कभी जीवित रहने की रणनीति है, लेकिन यही रणनीति अंततः आत्मा को खोखला कर देती है।

फिल्म सत्ता के गलियारों में पल रहे नैतिक समझौतों को उजागर करती है, लेकिन किसी एक विचारधारा को दोषी नहीं ठहराती। यह दर्शक से सवाल करती है, और जवाब ढूंढने की जिम्मेदारी उसी पर छोड़ देती है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com